

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर, मंगलवार, 01 जुलाई 2025 ■ आषाढ़ शुक्ल पक्ष-6 ■ वर्ष- 41 ■ अंक-094 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 02 जुलाई 2025 ■ मूल्य 2.00 रु.

## संक्षेप

### छग में जनगणना की तैयारी शुरू पिंगुआ बने नोडल अधिकारी

रायपुर, 1 जुलाई। छत्तीसगढ़ में जनगणना की तैयारी शुरू हो गई है. वर्ष 2027 के दौरान की जाने वाली जनगणना के लिए छत्तीसगढ़ शासन ने आईएएस अधिकारी मनोज कुमार पिंगुआ को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है. बता दें कि जनगणना को लेकर भारत सरकार के राजपत्र में 16 जून 2025 को अधिसूचना प्रकाशित की गयी है. इसके तहत छत्तीसगढ़ में जनगणना गतिविधियों के समन्वय के लिए गृह एवं जेल विभाग के अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार पिंगुआ को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है.

### नीट-2025 पर एमपी हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

इंदौर, 1 जुलाई। नीट परीक्षा में शामिल इंदौर और उज्जैन के छात्रों के लिए राहत की खबर है। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट, इंदौर बेंच ने एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए कहा है कि बिजली कटौती से परीक्षा में बाधा आने के कारण इन छात्रों को दोबारा परीक्षा देने का मौका मिलना चाहिए। दरअसल, 4 मई 2025 को आयोजित हृश्वश्व परीक्षा के दौरान इंदौर और उज्जैन के कुछ परीक्षा केंद्रों पर बिजली चली गई थी। छात्र अंधेरे में पेपर हल करने को मजबूर हुए। शिकायतों के मुताबिक, कई केंद्रों पर जनरेटर या इन्वर्टर भी काम नहीं कर रहे थे। सबसे बड़ी बात ये रही कि न तो छात्रों को अतिरिक्त समय दिया गया और न ही कोई ठोस वैकल्पिक व्यवस्था की गई।

### सिरफिरे आशिक ने की अस्पताल में घुसकर नर्स की हत्या

नरसिंहपुर, 1 जुलाई। मध्य प्रदेश के नरसिंहपुर में ट्रेनी नर्स के साथ हुई सनसनीखेज वारदात ने पूरे इलाके में हड़कंप मचा दिया है। 18 साल की संध्या चौधरी की अस्पताल में ही गला रेतकर हत्या कर दी गई। संध्या ने मौके पर दम तोड़ दिया। संध्या की मौत के बाद अस्पताल के सामने हंगामा खड़ा हो गया है। पुलिस ने संध्या की हत्या करने वाले शख्स को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान 22 साल के अभिषेक कोष्टी के रूप में हुई है। अभिषेक ने पुलिस के सामने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। यह घटना 27 जून की दोपहर लगभग 3 बजे की है। संध्या नरसिंहपुर के जिल अस्पताल में नर्स की ट्रेनिंग ले रही थी। वारदात के दौरान संध्या कुर्सी पर बैठी थी, तभी एक सिरफिरा आशिक धड़धड़ाते हुए अस्पताल में घुसा और संध्या के साथ मारपीट करने लगा। आसपास मौजूद मरीजों ने जब आरोपी को रोकने की कोशिश की, तो उसने सभी को धमकी देना शुरू कर दिया।

# वन क्लिक सिंगल विंडो सिस्टम लॉन्च

### सीएम साय ने सौंपा निवेशकों को इनवेस्ट लेटर, बोले- इससे विकसित छत्तीसगढ़ बनाने में मिलेगी मदद

रायपुर, 1 जुलाई। छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने मंगलवार को ONE CLICK सिंगल विंडो सिस्टम 2.0 लॉन्च किया। अब एक क्लिक में उद्योपतियों को सभी क्लियरेंस मिल सकेगा। छत्तीसगढ़ को एक लाख करोड़ का नया निवेश मिला है। इसके साथ सीएम श्री साय ने निवेशकों को इनवेस्ट लेटर सौंपा। सरकार को अब तक 6 लाख करोड़ के निवेश का प्रस्ताव मिला है।

सीएम श्री साय ने निवेशकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि, निवेश से विकसित छत्तीसगढ़ बनाने में मदद मिलेगी। छत्तीसगढ़ की नई उद्योग नीति बेहतर बनाई गई है। इतने कम समय में छह लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले। नई पॉलिसी से भूमि आवंटन से लेकर अन्य काम तेजी से हो रहे है।

छत्तीसगढ़ में सभी संसाधन मौजूद है। छत्तीसगढ़ पहले एनर्जी, स्टील उद्योग के लिए जाना जाता था। लेकिन अब यहां सेमी कंडक्टर, टेक्सटाइल, फार्मा हब बनेगा।



**बस्तर से नक्सलवाद खत्म होने की कगार पर :** छत्तीसगढ़ अब शांति की राह पर है। बस्तर से नक्सलवाद खत्म होने की कगार पर है। जल्द ही प्रदेश में इंटरनेशनल कार्गो की शुरुआत होगी। छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद बड़ी समस्या थी, हमारी सरकार उससे लड़ रही है और आने वाले दिनों में ऐसी कोई बाधा नहीं रहेगी।

गौरतलब है कि प्रदेश सरकार विकास के हर मोर्चे पर मोदी की गारंटी को तेजी से लागू कर रही है। सरकार बनते ही पहली कैबिनेट में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 18 लाख आवास स्वीकृत किए गए। महिलाओं को सशक्त बनाने महतारी वंदन योजना के माध्यम से 70 लाख महिलाओं को प्रति माह एक हजार रुपए दिए जा रहे हैं। तेंदूपत्ता संग्राहकों की आय में वृद्धि के लिए तेंदूपत्ता का समर्थन मूल्य प्रति मानक बोरा 5,500 रुपए किया गया है। गांव में ही बैंकिंग की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए अटल डिजिटल सेवा केंद्र खोले जा रहे हैं।आगामी पंचायत दिवस पर सभी ग्राम पंचायतों में इसे शुरू करने की योजना है।

### उद्योगों के साथ ही कृषि पर भी फोकस



उद्योगों के साथ ही प्रदेश सरकार कृषि क्षेत्र को भी विकसित करने के लिए कई अहम फैसले ले रही है, इसी कड़ी में सोमवार को

सीएम विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक आयोजित की गई। इसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मंत्रिपरिषद ने किसानों के हित में एक बड़ा फैसला लिया है। कृषक उन्नति योजना के प्रचलित निर्देशों में बदलाव करते हुए इसके दायरे को और बढ़ाया गया है। अब इस योजना का लाभ खरीफ2025 में धान उत्पादक किसानों के साथ-साथ पंजीकृत धान फसल के स्थान पर अब दलहन, तिलहन, मक्का आदि की फसल लगाने वाले किसानों को भी मिलेगा। खरीफ 2024 में पंजीकृत कृषक जिन्होंने धान की फसल लगाई थी और समर्थन मूल्य पर धान बेचा था, उनकी ओर से खरीफ 2025 में धान फसल के स्थान पर दलहन, तिलहन, मक्का आदि फसल की खेती की जाती है, तो उन्हें भी अब कृषक उन्नति योजना के तहत आदान सहायता राशि प्रदान की जाएगी।

### हिमाचल में मंत्री ने एनएचएआई के अधिकारी को पीटा, मामला दर्ज

शिमला, 1 जुलाई। हिमाचल प्रदेश के कैबिनेट मंत्री अनिरुद्ध सिंह पर बड़े आरोप लगे हैं. उनके खिलाफ नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के मैनेजर अचल जिंदल ने मारपीट के आरोप लगाते हुए ढली थाने में शिकायत दी है. घटना शिमला ग्रामीण क्षेत्र के भट्टाकुफर इलाके की है, जहां पर फोरलेन निर्माण कार्य चल रहा है और सोमवार को यहां पर एक पांच मंजिला घर गिर गया था. फिलहाल, मामला दर्ज कर लिया गया है.

एनएचएआई के शिमला में प्रोजेक्ट मैनेजर अचल जिंदल ने अपनी शिकायत में बताया कि उन्हें उपमंडलाधिकारी शिमला ग्रामीण के कार्यालय में 11:30 बजे एक बैठक के लिए बुलाया गया था. उनके साथ साइट इंजीनियर भी उपस्थित थे. एसडीएम कार्यालय में उपस्थित न होने के कारण दोनों अधिकारियों को भट्टाकुफर बुलाया गया, जहां मंत्री अनिरुद्ध सिंह व अन्य स्थानीय लोग मौके पर पहले से मौजूद थे. जिंदल के अनुसार, मौके पर मंत्री को एक भवन गिरने की जानकारी दी जा रही थी, जो कि 29 जून की शाम को खाली करवा लिया गया था. उन्होंने मंत्री को बताया कि उक्त भवन एनएच की आरओडब्ल्यू से 30 मीटर की दूरी पर स्थित है और इस पर सरकार की अधिसूचना के अनुसार कार्रवाई की जानी चाहिए.

# पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट छह लोग जिंदा जले




शिवकाशी, 1 जुलाई। तमिलनाडु के शिवकाशी में एक पटाखा फैक्ट्री में हुए शक्तिशाली विस्फोट में दो महिलाओं समेत कम से कम छह लोगों की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि यह विस्फोट विरुधुनगर जिले के चिन्नाकमनपट्टी के पास गोकुलेश पटाखा फैक्ट्री में हुआ। फैक्ट्री से घना धुआं उठता देखा गया और अंदर पटाखों में लगातार विस्फोट हो रहे थे। अब तक कई गंभीर रूप से घायल लोगों को बचाया जा चुका है।

मंगलवार सुबह तमिलनाडु में एक पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट में छह लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। बताया जा रहा है कि यह विस्फोट विरुधुनगर जिले के शिवकाशी के पास चिन्ना कमानपट्टी गांव में एक पटाखा फैक्ट्री में हुआ। सूत्रों के अनुसार, विस्फोट के कारण भीषण आग लग गई और फैक्ट्री से घना धुआं उठता देखा गया और अंदर से लगातार पटाखों के फटने की आवाजें आ रही थीं। विस्फोट का सही कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। घायलों को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया और अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं घटनास्थल पर पहुंच गईं।

शिवकाशी को 'भारत की आतिशबाजी राजधानी' के रूप में जाना जाता है और यह माचिस उद्योग और छपाई का एक प्रमुख केंद्र भी है। पूरे विरुधुनगर जिले में, जहाँ चिन्ना कमानपट्टी स्थित है, इन उद्योगों की मजबूत उपस्थिति है। यह पटाखा फैक्ट्री विस्फोट तेलंगाना में एक दवा संयंत्र में रिएक्टर विस्फोट के ठीक एक दिन बाद हुआ है जिसमें 34 लोग मारे गए और आस-पास की संरचनाएँ नष्ट हो गईं।

# हिंदी हमारी राष्ट्रीय भाषा रही है और हम इसका सम्मान करते हैं : अठावले

### महाराष्ट्र में भाषा विवाद के बीच केंद्रीय मंत्री का बयान

रायपुर, 1 जुलाई। केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले छत्तीसगढ़ दौरे पर है। केंद्रीय मंत्री अठावले आज रायपुर पहुंचे। केंद्रीय मंत्री अठावले ने रायपुर एयरपोर्ट पर महाराष्ट्र में चल रहे भाषा विवाद को लेकर बड़ा बयान दिया है। केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने अपने बयान में कहा कि, महाराष्ट्र में थ्री-लैंग्वेज पॉलिसी फॉर्मूले को लेकर विवाद था। हिंदी हमेशा से हमारी राष्ट्रीय भाषा रही है और हम इसका सम्मान करते हैं, लेकिन कुछ लोगों ने तर्क दिया कि मराठी स्कूलों में किसी अन्य भाषा को पढ़ाने की कोई आवश्यकता नहीं है। मराठी लोगों ने इसका विरोध किया। हालांकि, देवेंद्र फडणवीस की सरकार ने किसी भी आंदोलन से



पहले ही हिंदी भाषा के (अनिवार्य) उपयोग के फैसले को रद्द कर दिया। एक सवाल के जवाब में आठवले ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने जातिगत जनगणना का ऐतिहासिक निर्णय लिया है. उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा, लंबे समय से इसकी मांग उठ रही थी, लेकिन जब उनकी सरकार थी, तब उन्होंने इस पर कोई निर्णय क्यों नहीं लिया?÷ उन्होंने आगे कहा कि जनरल कमीशन इस दिशा में काम करेगा, जिससे यह स्पष्ट होगा कि कितना विकास हुआ, कितना कल्याण हुआ और समाज को कितना लाभ मिला.हिंदी और मराठी भाषा पर जोरमहाराष्ट्र में भाषा विवाद पर बोलते हुए आठवले ने कहा, ÷हिंदी हमारी मातृभाषा है और इसका सम्मान होना चाहिए. कुछ लोगों ने मराठी भाषा में पढ़ाई की मांग की थी, जिस पर महाराष्ट्र सरकार ने अच्छा फैसला लिया है। उन्होंने सुझाव दिया कि स्कूलों में हिंदी को लागू करना चाहिए। लेकिन कक्षा पहली से छठवीं तक क्षेत्रीय भाषा को प्राथमिकता दी जानी चाहिए.

# कर्नाटक सीएम पद पर फिर विवाद

■ शिवकुमार के करीबी विधायक का दावा- 100 विधायक साथ

■ खड़गे बोले- सीएम बदलने का फैसला आलाकमान करेगा

बेंगलुरु, 1 जुलाई। कर्नाटक कांग्रेस में मुख्यमंत्री पद को लेकर अंदरुनी खींचतान तेज हो गई है। इस बीच कांग्रेस नेता और कर्नाटक प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला बेंगलुरु दौरे पर पहुंचे हैं और लगातार पार्टी विधायकों से मीटिंग कर रहे हैं।

डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के करीबी विधायक इकबाल हुसैन ने दावा किया कि करीब 100 विधायक मुख्यमंत्री बदलने के पक्ष में हैं। अगर अब बदलाव नहीं हुआ, तो 2028 का चुनाव कांग्रेस नहीं जीत पाएगी। हुसैन ने ह्ष्ठह्र से बातचीत में कहा, हम सुरजेवाला से यह मुद्दा खुलकर उठाएंगे। शिवकुमार ने पार्टी के लिए दिन-रात मेहनत की है और उन्हें अब सीएम बनने का मौका मिलना चाहिए।

दरअसल, 2023 विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की बड़ी जीत में



डीके शिवकुमार की अहम भूमिका रही थी। तब वे मुख्यमंत्री पद के प्रबल दावेदार थे, लेकिन पार्टी हाईकमान के कहने पर उन्होंने डिप्टी सीएम और प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी स्वीकार की।

उस समय रोटेशनल सीएम फॉर्मूले की बात भी सामने आई थी, लेकिन इसे कभी सार्वजनिक रूप से मंजूरी नहीं मिली। अब एक बार फिर यह मुद्दा खुलकर सतह पर आ गया है। रणदीप सुरजेवाला सोमवार को बेंगलुरु पहुंचे थे। उनके इस दौरे को सीएम और डिप्टी सीएम में बढ़ रही दरार से जोड़कर देखा जा रहा है। हालांकि, उन्होंने इन अटकलों को खारिज कर दिया और 'अपने दौरे को संगठनात्मक समीक्षा बताया।

### जल्द हो सकता है फैसला

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को कहा, 'यह फैसला (सीएम बदलना) पूरी तरह हाईकमान के हाथ में है। कोई नहीं कह सकता कि हाईकमान के दिमाग में क्या चल रहा है। फैसला लेना उनका अधिकार है, लेकिन बेवजह किसी को इस मुद्दे को लेकर कोई परेशानी नहीं खड़ी करनी चाहिए। दरअसल, रविवार को कर्नाटक कांग्रेस के विधायक एच. ए. इकबाल हुसैन ने कहा था कि उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को आने वाले दो-तीन महीनों में राज्य के मुख्यमंत्री बनने का मौका मिल सकता है। इसके बाद से ही कर्नाटक में सीएम बदलने की अटकलें शुरू हुई थी।

### एयर इंडिया का एक और विमान बाल-बाल बचा

# टेकऑफ के बाद खतरनाक तरीके से आ रहा था नीचे

नई दिल्ली, 1 जुलाई। 12 जून को अहमदाबाद में हुए AI 171 हादसे के महज 38 घंटे बाद एक और एयर इंडिया विमान बड़े हादसे से बाल-बाल बचा. यह घटना 14 जून की सुबह की है, जब दिल्ली से वियना जा रही फ्लाइट AI 187 ने उड़ान भरते ही तकनीकी चेतावनियां देनी शुरू कर दीं. बोइंग 777 विमान जैसे ही दिल्ली एयरपोर्ट से उड़ा, उसे 'स्टॉल वॉर्निंग' और 'ग्राउंड प्रॉक्सिमिटी वॉर्निंग सिस्टम' की 'डोंट सिंक' वॉर्निंग कॉकपिट के अंदर मिलने लगी. इसका मतलब था कि विमान खतरनाक तरीके से ऊंचाई खो रहा था. हालांकि यह



खतरनाक स्थिति कुछ मिनटों की ही थी, लेकिन अगर पायलट्स ने तेजी से एक्शन न लिया होता तो हादसा हो सकता था. विमान ने 9 घंटे 8 मिनट की उड़ान के बाद वियना में सुरक्षित लैंडिंग की. वहां से कुछ देर बाद नया क्रू आया और विमान को टोरंटो के लिए रवाना किया गया. खास बात यह रही कि पायलट की ओर से जो रिपोर्ट दी गई,

### 900 फीट तक नीचे आया विमान

फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट्स के मुताबिक, बोइंग 777 विमान ङ्कञ्ज-स्ï ने 14 जून को सुबह 2:56 बजे उड़ान भरी. उस वक्त दिल्ली में तेज तूफान और खराब मौसम था. टेक-ऑफके कुछ ही मिनटों बाद विमान करीब 900 फीट तक नीचे आ गया. इसी दौरान 'स्टिक शेकर' अलार्म भी एक्टिव हो गयाङ्क यानी कॉकपिट का कंट्रोल कॉलम हिलने लगा और पायलट को फौरन खतरे का एहसास दिलाया गया. पायलट्स ने स्थिति पर तुरंत कंट्रोल किया और विमान को सही ऊंचाई पर लाकर उड़ान जारी रखी.

# प्राचार्यों की पदोन्नति का रास्ता साफ

बिलासपुर,1 जुलाई। प्रदेश में प्राचार्यों की पदोन्नति का रास्ता साफ हो गया है. हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच ने राज्य शासन की प्रमोशन नीति को वैध मानते हुए प्राचार्य पदोन्नति के बाद पोस्टिंग पर स्टे को निरस्त कर दिया है. इसके साथ बीएड अनिवार्यता के साथ प्रमोशन नीति के खिलाफ दायर सभी याचिकाएं खारिज दी है. इसके साथ अब 3500 स्कूलों में प्राचार्य पोस्टिंग का रास्ता साफहो गया है. दरअसल, पदोन्नति से वंचित शिक्षकों ने प्रमोशन नियम को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी. इस मामले की जस्टिस रजनी दुबे और जस्टिस एके प्रसाद की डिवीजन बेंच में बीते 11 से 16 जून लगातार सुनवाई हुई थी. इस दौरान याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ताओं ने अपनी बहस पूरी करते हुए बीएड डिग्री को प्राचार्य पद के लिए अनिवार्य बताया. इसके अलावा,



» हाई कोर्ट ने शासन की प्रमोशन नीति को माना वैध

» बीएड की अनिवार्यता के खिलाफ दायर तमाम याचिकाएं कीं खारिज

उन्होंने माध्यमिक स्कूलों के प्रधान पाठकों से व्याख्याता बने शिक्षकों की वरिष्ठता का मुद्दा भी उठाया. हाई कोर्ट में लगी याचिकाओं में एक मामला साल 2019 से जुड़ा हुआ था, जबकि अन्य याचिकाएं 2025 में बीएड और डीएलएड योग्यता से संबंधित थी.

# डम्पर से टकराई बस: 3 यात्रियों की मौत

रायपुर, 1 जुलाई। रायपुर से लगे अभनपुर के केन्द्री गांव के पास जगदलपुर से रायपुर आ रही पायल बस डंपर से टकरा गई। इस हादसे में 3 यात्रियों की मौत हो गई है। मृतकों में एक महिला दो पुरुष शामिल है। वहीं आधा दर्जन से अधिक यात्री घायल बताए जा रहे हैं। घटना सुबह करीब 4 बजे की है। दरअसल, यह पूरा मामला अभनपुर थाना क्षेत्र का है। मंगलवार सुबह रॉयल बस जगदलपुर से रायपुर की ओर जा रही थी। इसी बीच ग्राम केंद्री के पास हाईवे से टकरा गई। इस दौरान मौके पर दो पुरुष तथा एक महिला की मौत हो गई।

**इनकी हुई मौत :** दर्दनाक हादसे में मृतक अजहर अली, पिता इकबाल अली उम्र, 30 साल पता सरगीपाल, कोंडागांव , मृतक बलराम पटेल, पिता मनीराम पटेल उम्र , 46 साल कुम्हारपारा, जगदलपुर , बरखा



ठाकुर, पति डॉक्टर बीजेंद्र ध्रुव उम्र 31 साल बता ग्राम गुरूडीह थाना तुम गांव जिला महासमुंद शामिल है।

**हादसे में घायल यात्री :** घायल यात्रियों में धनीराम सेठिया, पिता सुख दास सेठिया, उम्र 30 साल, अनार थाना लोहारी गुड़ा जगदलपुर, गणेश्वर प्रसाद बर्मन, पिता शंकर बर्मन, उम्र 49 साल, एसीईएल पंप हाउस कॉलोनी कोरबा, तीजन यादव, पिता सोन सिंह यादव, उम्र 23 साल, अशालनार थाना कोंडागांव जिला कोंडागांव, भूषण निषाद, पिता मोहन निषाद उम्र, 21 साल, भवानीपुर थाना गीतपुरी बलोदा बाजार, सुमन देवी, पति स्वर्गीय अरुण शर्मा, पता हाउसिंग बोर्ड जगदलपुर के नाम शामिल है।

### राजस्थान के अलवर में सड़कें डूबीं, घरों में पानी, हिमाचल में 4 जगह बादल फटा, प्रयागराज में गंगा-यमुना में बाढ़

# मौसम की मार : बिहार में बिजली गिरने से 5 लोगों की मौत

नई दिल्ली, 1 जुलाई। हिमाचल प्रदेश के मंडी में सोमवार रात 4 जगह बादल फटने से भारी नुकसान हुआ। बाढ़ और लैंडस्लाइड से अब तक 3 लोगों की मौत हो चुकी है, 10 लोग लापता हैं। 20 घरों को नुकसान पहुंचा है। वहीं बिहार में बिजली गिरने सहे पांच लोगों की मौत हो गई।

उत्तराखंड में सोमवार को कोटद्वार-बद्रीनाथ मार्ग पर सतपुली के पास लैंडस्लाइड की वजह से पौड़ी-मेरठ नेशनल हाईवे बंद हो गया। उत्तरकाशी में लैंडस्लाइड के कारण यमुनोत्री हाईवे बंद हो गया है।

**मंडी में निर्माणीधीन टनल का बाहरी हिस्सा खिसका :** मंडी के बिजनी इलाके में बन रही टनल के बाहर का ऊपर हिस्सा बारिश के चलते खिसकने से लैंडस्लाइड हुई। इसके चलते कई मशीने मलबे में दब गईं। मजदूरों ने भागकर अपनी जान बचाई। हिमाचल प्रदेश में मंडी की सेंट्रल रेंज DIG सौम्या सांबशिवन ने बताया कि गोहर इलाके में नौ लोग हैं। उनकी खोज जारी है। SDRF और NDRF की टीमें गोहर और करसोग में तैनात हैं। कुल्लू और मंडी में बादल फटने की घटनाएं सामने आ रही हैं। हम सभी से मौसम विभाग के निर्देशों का पालन करने की अपील करते हैं।



### छग में नदी के बीच फंसे 3 बच्चों का रेस्क्यू

छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिलें में तीन बच्चे गागर नदी में फंस गए। तीनों मछली पकड़ने गए थे, लेकिन नदी का जल स्तर अचानक बढ़ने से फंस गए। करीब तीन घंटे बाद पानी कम होने पर बच्चों को निकाला गया। घटना सोमवार की है, इसका वीडियो आज सामने आया है।

### मंडी में 2 परिवार के 9 लोग बाढ़ में बहे

हिमाचल प्रदेश के मंडी के अलग-अलग इलाकों में 10 से ज्यादा घरों को बारिश बाढ़ में बहने और लैंडस्लाइड से क्षतिग्रस्त होने की सूचना है। जिला प्रशासन राहत एवं बचाव कार्य में जुटा हुआ है। कुकलाह में कई घर और माता कश्मीरी मंदिर बह गया। बारिश को देखते हुए मंडी, हमीरपुर और कांगड़ा में प्रशासन ने स्कूल और कॉलेजों की छुट्टी कर दी है।

### अलवर के सरकारी अस्पताल में पानी भरा

राजस्थान के अलवर में भारी बारिश की वजह से पूरे शहर में बाढ़ जैसी हालत हो गए। शहर में करीब दो फीट तक पानी भर गया। बारिश का पानी लोगों के घरों में घुस गया। अलवर के महिला पुलिस थाने और राजीव गांधी गवर्नमेंट जनरल हॉस्पिटल में भी पानी भर गया।

हरियाणा के करनाल में सोमवार देर रात अचानक यमुना में बाढ़ आ गई। इससे रेत खनन करने के लिए खड़े तीन डंपर और एक जेसीबी मशीन पानी में डूब गई। पानी का स्तर इतनी तेजी से बढ़ा कि डंपर में सो रहे ड्राइवरों को भागने तक का मौका नहीं मिला। गाड़ियों की छत पर चढ़कर सभी ने अपनी जान बचाई। साथी कर्मचारियों को फोन करके हालात की जानकारी दी तब नाव से सभी का रेस्क्यू किया गया।प्रयागराज के जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मंदार ने कहा कि प्रशासन किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। जिले में 88 बाढ़ चौकियां बनाई जा रही हैं। बाढ़ के नजरिए से 47 गांवों और कुछ शहरी इलाकों की पहचान की गई है।

# देशभर के 345 राजनीतिक दलों पर चुनाव आयोग की सख्ती

रायपुर, 1 जुलाई। भारत निर्वाचन आयोग ने देशभर के 345 पंजीकृत अप्रमाणित राजनीतिक दलों के खिलाफबड़ी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी है। आयोग के अनुसार, इन दलों ने वर्ष 2019 से बीते छह वर्षों के दौरान किसी भी चुनाव में भाग नहीं लिया है और इनका कोई सक्रिय कार्यालय भी मौजूद नहीं पाया गया है। निर्वाचन आयोग ने ऐसे सभी दलों को सूची से हटाने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए संबंधित राज्यों के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इसके तहत छत्तीसगढ़ में भी कई राजनीतिक दलों की पहचान की गई है, जिन्हें कारण बताओ नोटिस जारी कर सुनवाई का अवसर दिया जा रहा है।सुनवाई प्रक्रिया के बाद छत्तीसगढ़ के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी इन दलों को




» 6 साल से निष्क्रिय दलों को नोटिस किया जारी

डीलिस्ट करने का प्रतिवेदन निर्वाचन आयोग को भेजेंगे। अंतिम निर्णय भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लिया जाएगा। गौरतलब है कि भारत में राजनीतिक दलों (राष्ट्रीय, राज्य, पंजीकृत अप्रमाणित) का पंजीकरण लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29 के अंतर्गत किया जाता है। इस प्रावधान के तहत, कोई भी संघ एक बार राजनीतिक दल के रूप में पंजीकृत होने पर कर छूट जैसी कुछ विशेष सुविधाएं प्राप्त करता है।

## एक नजर

### प्रेम प्रसंग में प्राणघातक हमला,आरोपी गिरफ्तार




**बलौदाबाजार।** गनपत वर्मा निवासी ग्राम पौंसरी ने 6 जून को रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि उसके भाई चोवाराम वर्मा को ग्राम गैतरा निवासी आरोपी द्वारा प्रेम प्रसंग की बात को लेकर अश्लील गाली गलौज कर, जान से मारने की नीयत से अपने हाथ में रखे ईंट से प्राणघातक वारकर गंभीर चोट पहुंचाया है। बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा जांच एवं विवेचना कार्यवाही करते हुए आरोपी मकुंद यादव को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर उसके द्वारा प्रेम प्रसंग की बात को लेकर प्रार्थी के भाई के ऊपर ईंट से प्राणघातक वारकर उसे गंभीर चोंट पहुंचाना स्वीकार किया गया।

### युवा रत्न सम्मान के लिए आवेदन

**बलौदाबाजार।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा युवा कल्याण के विभिन्न क्षेत्र में किये गये अविस्मरणीय कार्य, सेवाओं तथा अभिनव प्रयास के लिये सम्मानित करने और उनमें एक राष्ट्रीय कीर्तिमान विकसित करने की दृष्टि से युवा रत्न सम्मान योजना वर्ष 2025-26 के लिए आवेदन मंगाए गए है। युवा रत्न सम्मान के संबंध में अधिक जानकारी हेतु देवेन्द्र सिंह अजमानी सहा ग्रेड-02, खेल एवं युवा कल्याण बलौदाबाजार मो.न.9827461266 पर संपर्क कर सकते है।

### दिशा की बैठक 3 को

**दुर्ग।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सांसद विजय बघेल की अध्यक्षता में 03 जुलाई 2025 को जिला पंचायत के सभाकक्ष में दोपहर 3.30 बजे आयोजित की गई है।संबंधित अधिकारियों को विभागीय जानकारी के साथ उक्त बैठक में उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा गया है।

### सामान्य सभा 9 को

**दुर्ग।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक जिला पंचायत के सभाकक्ष में 09 जुलाई को दोपहर 12 बजे आयोजित की गई है। महिला एवं बाल विकास विभाग, पशुपालन विभाग, मत्स्य पालन विभाग, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं शिक्षा विभाग सहित अन्य विषयों पर समीक्षा की जाएगी।

### हाई सिक्युरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाने कैंप 2 तक

**कोरबा।** सड़कों पर बिना हाई सिक्युरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) दौड़ रहे वाहनों के लिए एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाने के लिए कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिला परिवहन अधिकारी कोरबा ने बताया कि 30 जून से 02 जुलाई तक चोटिया में राजमन परिवहन सुविधा केन्द्र (मो.नं. 7879127874) डूमरकछार में शिवाली परिवहन सुविधा केंद्र (मो.नं. 9752324461) और उरगा चौक में मनोज सुविधा केन्द्र (मो.नं. 974665180 ) में नंबर प्लेट लगाने शिविर लगाया जा रहा है। इसी तरह 03 जुलाई से 05 जुलाई तक कोरबा में राजमन परिवहन सुविधा केन्द्र, पाली जनपद पंचायत में शिवाली परिवहन सुविधा केंद्र और टीपी नगर कोरबा में मनोज सुविधा केन्द्र में नंबर प्लेट लगाने शिविर लगाया जायेगा।

### आपदा प्रभावितों को सहायता राशि स्वीकृत

**राजनांदगांव।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने दैवीय विपत्तियों के संबंध में राहत मद अंतर्गत राजनांदगांव तहसील के आपदा प्रभावितों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इसके तहत आग से एक जनहानि होने पर 4 लाख रूपए, नदी के पानी में डूबने से एक जनहानि होने पर 4 लाख रूपए एवं आग से एक मकान पूर्णतः क्षति होने पर 1 लाख 20 हजार रूपए की स्वीकृति प्रदान की है।

### शिक्षकों का उन्मुखीकरण 3 से

**जशपुरनगर।** ज़िला कलेक्टर रोहित व्यास और ज़िला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में गुणवत्ता उन्नयन हेतु यशस्वी जशपुर कार्यक्रम के अंतर्गत बीईओ, एबीईओ, बीआरसीसी, प्राचार्य , प्रधानपाठक, सीएससी , प्रयोगशाला सहायक, ग्रंथपाल ,छात्रावास अधीक्षक एवं कक्षा 10वीं व 12वीं में पढ़ाने वाले विषय शिक्षकों के लिए आगामी 03 जुलाई से 18 अगस्त तक उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित की जा रही है। आज 30 जून को डिप्टी कलेक्टर प्रशांत कुशवाहा ने रिसोर्स पर्सन को प्रेरित करते हुए प्रायोगिक कार्य, अध्ययन के दौरान चीजें के साथ को-रिलेशन , आधारभूत अवधारणाओं की समझ पर फोकस करने को कहा। उन्होंने एक्सीलेंस से सक्सेस के विषय पर भी बात की।

### पर्यटक गाइड प्रशिक्षण के लिए पंजीयन 2 को

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड द्वारा पर्यटक गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन माह जून-जुलाई में किया जा रहा है। इसके लिए 02 जुलाई समय प्रातः 10 से सायं 04 बजे तक स्थान लाईवलीहुड कॉलेज गोविन्दपुर कांकेर में उक्त पर्यटक गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए पंजीयन किया जाएगा।

# तीन दिन में 1438 पशुओं का टीकाकरण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार।** जिले में पशुधन की सुरक्षा और स्वास्थ्य संवर्धन की दिशा में सम्पर्क केन्द्र की पहल पर 27 जून 2025 को एक महत्वपूर्ण वर्चुअल संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. नरेन्द्र सिंह ने जिले के 10 ग्राम पंचायतों से सीधे संवाद स्थापित किया।

ग्रामीणों को पशु चिकित्सा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं सेवाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई जिसमें विशेष रूप से पशु टीकाकरण, रोग निवारण, पशु उपचार शिविर शामिल हैं। इस दौरान कुछ पंचायतों में अभी तक पशु टीकाकरण की प्रक्रिया प्रारंभ नहीं होने की जानकारी मिलने पर त्वरित संज्ञान लेते हुए डॉ. सिंह ने मौके पर ही संबंधित पंचायतों में टीकाकरण टीम भेजने का निर्देश दिये। सम्पर्क केन्द्र की सतत मॉनिटरिंग और प्रभावी समन्वय के फ्लस्वरूप 28 जून से 30 जून 2025 तक पशु टीकाकरण हेतु विशेष अभियान चलाया गया जिसमें गलघोटू एवं एकटंगिया (॥स्क्क) रोग से बचाव हेतु 1438 पशुओं को टीकाकरण किया गया। इसमें ग्राम पंचायत दतरेंगी में 305 पशु, ग्राम पंचायत चरौदा में 515 पशु,ग्राम पंचायत खैरा में 105 पशु,ग्राम पंचायत बिटकुली में 145 पशु एवं ग्राम पंचायत रानीजरौद में 368 पशु शामिल हैं।

सम्पर्क केन्द्र की इस त्वरित पहल को पंचायत प्रतिनिधियों एवं पशुपालकों ने जिला प्रशासन व विभाग की सराहना की है।सम्पर्क केन्द्र की यह पहल विभागीय सेवाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाने की एक अनुकरणीय मिसाल बनकर सामने आई है।

आने वाले समय में भी इस प्रकार के संवादों और अभियानों के माध्यम से योजनाओं का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन का प्रयास जारी रहेगा।



सिमगा नगर पालिका सिमगा से वार्ड क्रमांक-3 के पार्षद सचिन जैन द्वारा स्वर्गीय हीरालाल की पत्नी मोगरा को श्रद्धांजलि राशि प्रदान की गई। वार्ड वासियों ने पार्षद व नगर पालिका सिमगा का आभार व्यक्त किया।

## किसानों को डीएपी के साथ एसएसपी के उठाव के लिए करें प्रेरित : कलेक्टर

■ **कलेक्टर ने खाद-बीज भंडारण एवं वितरण की समीक्षा की**

बलौदाबाजार। कलेक्टर दीपक सोनी ने सोमवार को कृषि,सहकारिता, विपणन सहित अन्य सम्बंधित विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में खाद -बीज़ की उपलब्धता की समीक्षा की। उन्होंने डीएपी उर्वरक के विकल्प के रूप में डीएपी के साथ एसएसपी का उठाव करने किसानो को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि किसानों को गुणवत्तायुक्त खाद व बीज़ उपलब्ध हो सके इसके लिए समितियों एवं कृषि सेवा केंद्रों का सतत निगरानी करें।जिन समितियो मे एनपीके व डीएपी अधिक मांग है वहां प्राथमिकता के आधार पर भण्डारण कराएं। समितिवार उर्वरक की आवश्यकता हेतु गेप आईडेंटिफाई करें। उन्होंने जिले के लिए करीब 425 मेट्रिक टन एनपीके उर्वरक की रेक लगने की जानकारी पर ज्यादा मांग वाले समितियों में भण्डारण कराने तथा सभी समितियों में अलग -अलग उर्वरक भण्डारण हेतु लक्ष्य निर्धारित करने के निर्देश दिये। उन्होंने बारिश के कारण सड़क ख़राब होने से उर्वरक भण्डारण में दिक्कत न हो इसके लिए सड़क का मरम्मत कराने के भी. निर्देश दिये। बताया गया कि जिले में बीज का पर्याप्त भण्डारण कराया गया है एवं किसानो को मांग अनुरूप वितरण किया जा रहा है। बीज वितरण लगभग पूरा हो गया है। समितियों में बीज़ की मांग नहीं हैं। सहकारी समितियों में रासायनिक उर्वरकों में एनपीके व डीएपी की मांग ज्यादा हैं। डीएपी के विकल्प के रूप में आधा बोरी यूरिया, 3 बोरी सुपर एसएसपी एवं 20 किलोग्राम पोटाश का मिश्रण उपयोग करने किसानों को सलाह दिया जा रहा है।जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के नोडल अधिकारी ने बताया कि खरीफ वर्ष 2025 में किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से अब तक किसानों को 325 करोड़ रुपये का ऋण वितरण किया गया है।

# पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से 53 घर हुए रोशन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत अब तक जिले के 53 घरों में सौर ऊर्जा की रोशनी जगमगा रही है। योजना के तहत सब्सिडी मिलने से लोग इस योजना सोलर पैनल लगवाने में दिलचस्पी ले रहे हैं। इसके साथ ही घर के बिजली बिल से राहत मिल रही है। इस योजना के जरिए जिन्होंने सोलर पैनल लगवाया उन्हें बिजली बिल की चिंता से न केवल मुक्ति मिली है बल्कि वे ग्रीन एनर्जी को अपनाकर पर्यावरण संरक्षण में भी अपना योगदान दे रहे हैं।



सीएसपीडीसीएल कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखंड भाटापारा से सर्वाधिक 41 लोगों ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत अपने मकान के छत पर सोलर पैनल लगवाया है। आवेदन की प्रक्रिया-प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ लेने के लिए उपभोक्ता राष्ट्रीय सौर ऊर्जा पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के लिए बिजली कनेक्शन नंबर, आधार कार्ड और छत की फोटो जैसी सामान्य जानकारियां अपलोड करना है।उपभोक्ता अपने नजदीकी बिजली विभाग के कार्यालय में संपर्क कर भी इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। योजना के तहत केंद्र सरकार से अधिकतम 78 हजार एवं राज्य सरकारब्से 30 हजार रुपये का सब्सिडी एवं सोलर पैनल लगवाने पर ऋण का भी प्रावधान है।

### प्लेसमेंट कैम्प 4 को

**235 पदों पर होगी भर्ती**

**दुर्ग।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र मालवीय नगर चौक दुर्ग में 04 जुलाई 2025 को प्रातः 10.30 बजे से प्लेसमेंट केम्प का आयोजन किया जाएगा। इस प्लेसमेंट कैम्प में टेक्नोटॉस्क बिजनेस साल्यूशन के 200 पद एवं मुथूट माइक्रोफाईनेंस लिमिटेड के 35 पद, कुल 235 रिक्त पदों हेतु भर्ती प्रक्रिया की जाएगी। उक्त सभी पदों हेतु वेतन 8000 से 20000 रूपए तक है, तथा 10वी, 12वी एवं कोई भी स्नातक शैक्षणिक योग्यताधारी आवेदक उक्त प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित हो सकतें है। विस्तृत जानकारी रोजगार कार्यालय के सूचना पटल के माध्यम से प्राप्त कर सकते है। इच्छुक आवेदक समस्त समस्त दस्तावेजों की छायाप्रति के साथ उपस्थित हो सकते हैं।

## पुलिस कम्युनिटी हॉल में लगा मेडिकल कैंप

■ **80 पुलिस वालों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण**

**बलौदाबाजार।** 30 जून को प्रातः 10.30 बजे से पुलिस कम्युनिटी हॉल बलौदाबाजार में जिला पुलिस बल एवं पुलिस परिवार के सदस्यों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर मेडिकल केम्प का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता ने पुलिस विभाग के अधिकारी/कर्मचारियों को अधिक से अधिक स्वास्थ्य लाभ हेतु अपील कर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में उपस्थित डॉक्टरों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में इस दौरान 80 पुलिस अधिकारी कर्मचारियों द्वारा अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया।

# समाधान सेल ने पकड़े 9 जुआरी

■ **26, 210 रुपए मोटरसाइकिल और 8 मोबाइल जब्त**

**बलौदाबाजार।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन में आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं को त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना समाधान सेल प्रारंभ किया गया है, जिसकी सहायता से किसी प्रकार की भी सूचना, शिकायत अथवा अपराधिक गतिविधि की जानकारी समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 में व्हाट्सएप अथवा कॉल के जरिए प्रदान की जा सकती है।



समाधान सेल के माध्यम से आपराधिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड में भी लगातार कामयाबी मिल रही है।

इसी क्रम में समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर आज दिनांक 29.06.2025 को थाना कसडोल एवं सायबर सेल की संयुक्त पुलिस द्वारा ग्राम पुटपुरा जंगल में जुआ खेलते हुए 09 जुआरियो को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी जुआरियों से नगदी रकम 26,210 एवं 52 पत्ती ताश, 02 चार पहिया वाहन, 05 मोटरसाइकिल एवं 08 नग मोबाइल जप्त किया गया है। आरोपी जुआरियों के विरूद्ध थाना कसडोल में धारा 13 जुआ एक्ट, छ.ग. जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया है। कि प्रकरण में आरोपियों एवं गवाह से पूछताछ तथा प्रकरण की जांच में यह तथ्य सामने आया कि ग्राम पुटपुरा जंगल में जुआ अशोक जायसवाल एवं जगदीश बांधे द्वारा अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर खिलाया जा रहा था। प्रकरण विवेचना में है।

### प्रधानमंत्री फसल बीमा के लिए आवेदन 31 तक

**गरियाबंद।** जिले के किसान खरीफमौसम में फसल बीमा के लिए 31 जुलाई तक आवेदन कर सकते है। राज्य शासन द्वारा किसानों के फसल को प्रतिकूल मौसम, सूखा, बाढ़, जलप्लावन, कीटव्याधि, ओलावृष्टि आदि प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान से राहत दिलाने के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की अधिसूचना जारी कर दी गई है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत जिले के किसान मुख्य फसल धान सिंचित, असिंचित धान एवं अन्य फसल मक्का, अरहर, मूंग, उड़द, कोदो, कुटकी एवं रागी का बीमा करा सकते हैं।

# जैविक खेती को बढ़ावा देने सरकार की मंशा पर पानी फेर रहे अधिकारी

■ **खाद और दवाई का किसानों को नहीं किया वितरण**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया।** जैविक कृषि एक ऐसी कृषि प्रणाली है जो रासायनिक उर्वरकों कीटनाशकों और अन्य सिंथेटिक पदार्थों के उपयोग से बचती है साथ ही मनुष्य के स्वास्थ्य को बनाए रखती है। इसलिए सरकार जैविक खेती की ओर अग्रसर होना चाहती हैं जैविक खेती से मिट्टी की उर्वरता बढ़ती है भारत सरकार का मनसा है कि जैविक खेती हर किसान करें ताकि पर्यावरण को नुकसान ना हो और मिट्टी और पानी की गुणवत्ता में सुधार हो जिससे मनुष्य को स्वस्थ भोजन उपलब्ध हो। जैविक खेती से उत्पादित भोजन स्वादिष्ट लगता है। रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ता है। विटामिन खनिज



व पोशाक तत्व उच्च मात्रा में मिलता है ।जैविक खेती से उत्पादित अनाज को लंबे समय तक रख सकते हैं ।पशुधन की भी सुरक्षा होती है धरती मां को भी विसमुक्त कर सकते हैं ।जैविक खाद जमीन को बंजर होने से बचाती है। सरकार की बहुत बढ़िया योजना को यहां का कृषि विभाग और अधिकारी पलीता लगा रहे हैं।

मिली जानकारी के अनुसार जैविक खेती परंपरागत कृषि विकास योजना अंतर्गत 2023-24 में विकासखंड के ग्राम पंचायत गेरू घाट और आश्रित ग्राम मंगिया टोला में जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए लाखों रुपए की जैविक खाद एवं जैविक दवाई ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी को दिया गया था। जिसे किसानों को वितरण करना था। जो नहीं किया।हालत यह है कि खाद और दवाई अंतिम सांस गिन रहा है मंगिया टोला के एक किसान शंकर पटौदी के घर के छपरी में दर्जनो बोरी जैविक खाद पड़ा पड़ा खराब हो रहा है वहीं सैकड़ों की संख्या में जैविक दवाई का बोतल किसान लखन मंडावी के बाड़ा में पड़ा हुआ है। किसानों का माने तो ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी हेमंत कुमार वैष्णव, किसानों को जैविक खाद और दवाई वितरण करने के लिए डंप करवाया था। जिसे आज पर्यंत तक किसी भी किसान को जैविक खाद और जैविक दवाई का वितरण इन्होंने नहीं किया है। सरकार के मनसा पर पानी फेरते हुए यह अधिकारी बेखौप है ।इस प्रकार के लापरवाही से सरकार का बदनामी तो है साथ ही किसानों का नुकसान के साथ जैविक खेती की ओर झुकाव में कमी भी आएंगी। वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी मैडम एस. बी.मसिया से जैविक खाद और दवाई के संबंध में जानकारी लिया गया ।उनका कहना है कि हम यहां से कृषि विस्तार अधिकारी ह्द्रश्व को दे देते हैं उसके बाद हमारा कोई जिम्मेदारी नहीं है कि वह किसको बांट रहे हैं या नहीं बांट रहे हैं। इस तरह से एक वरिष्ठ जिम्मेदार अधिकारी की जवाब सुनकर हैरान तो हुआ लेकिन आश्चर्य भी है की विष्णु देव साय सरकार का सुशासन पर अधिकारी बेखौप, बेलगाम और गैरजिम्मेदाराना हैं। ऐसे अधिकारी के चलते,भारत सरकार के करोड़ों की योजना धरातल मे कार्य रूप में परणीत नहीं हो पा रहा है।

## सेवानिवृत्त निरीक्षक और सहायक उपनिरीक्षक को दी गई विदाई

**बलौदाबाजार।** 30 जून को पुलिस कार्यालय सभाकक्ष बलौदाबाजार में सेवानिवृत्त निरीक्षक श्री रघुवीर सिंह ठाकुर एवं सहायक उप निरीक्षक तिरथ नवरंग का विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्री रघुवीर सिंह ठाकुर पुलिस विभाग मे दिनांक 16.06.1981 को आरक्षक के पद पर भर्ती हुए थे। श्री रघुबीर सिंह ठाकुर आज दिनांक 30.06.2025 को सेवानिवृत्त हुए हैं। श्री तिरथ नवरंग पुलिस विभाग मे दिनांक 15.04.1985 को आरक्षक के पद पर भर्ती हुए थे। तत्पश्चात दिनांक 31.12.2021 को सहायक उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नत हुए हैं। श्री तिरथ नवरंग दिनांक 30.06.2025 को सेवानिवृत्त हुए हैं। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक श्रीमति भावना गुप्ता द्वारा सेवानिवृत्त निरीक्षक श्री रघुवीर सिंह ठाकुर एवं सहायक उप निरीक्षक



तिरथ नवरंग के उज्जवल भविष्य एवं स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए उनका विभाग के प्रति किए गए उल्लेखनीय कार्यों की प्रशंसा किया गया तथा इन्हे शाल एवं श्रीफल से सम्मानित कर पुलिस विभाग की ओर से स्मृति चिन्ह तथा उपहार भेंट किया गया। विदाई कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्री राजेश श्रीवास्तव उप पुलिस अधीक्षक, निरीक्षण सहदेव नेताम, उप निरीक्षक(एम) पवन बंदे, सउनि (एम) मनीष चौबे, सुषमा कौशिक, अश्वनी विशाल सहित पुलिस कार्यालय के स्टाफ उपस्थित थे।

# शासकीय योजनाओं की जमीनी हकीकत से रूबरू हुए प्रशिक्षण वन अधिकारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 01 जुलाई।** प्रशासनिक सेवा की शुरुआत कर रहे प्रशिक्षण सहायक वन संरक्षक गजेंद्र कुमार वर्मा ने अपने ओन-द-जॉब प्रशिक्षण के दौरान सिमगा विकासखंड जिला बलौदाबाजार के अंतर्गत नर्सरी वन विभाग , संजय निकुंज उद्यान कचलोन , कृष्णा कुंज सिमगा में वन विभाग द्वारा कराए गए वृक्षारोपण , ग्राम पंचायत लावर वन विभाग की भूमि एवं ग्राम पंचायत द्वारा कराए गए मनरेगा योजना के तहत सड़क किनारे वृक्षारोपण कार्य का निरीक्षण किया गया। ग्राम पंचायत ड़ोंगरिया में निजी वृक्षारोपण कार्यक्रम ग्राम पंचायत पौसरी (उड़ेला) आदिवासी समुदाय के लिए बनाए गए प्रधानमंत्री आवास कॉलोनी का निरीक्षण किया गया एवं जनजातियों से आयुर्वेदिक जड़ी बूटियों के संबंध में जानकारी ली गई ।

उनके द्वारा ग्राम पंचायत नवापारा में स्व सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा तैयार की जा रही नर्सरी का निरीक्षण किया गया एवं



स्व सहायता समूह की महिलाओं को उनके द्वारा नर्सरी तैयार करने हेतु तकनीकी पहुलियों पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया । उनके द्वारा एकता स्व सहायता समूह के द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की गई। भ्रमण के दौरान उनके साथ वनविभाग बलौदाबाजार के रेंजर बसंत खांडेकर , अंजु वर्मा जनपद पंचायत सिमगा से सीईओ अमित दुबे तकनीकी सहायक शिवेश वर्मा गुलशन चंद्राकर जिला एवं सिमगा वन विभाग के गोविंद पाटले और इमेश्वर शर्मा उपस्थित रहे।

# आदिवासी बाहुल्य 46 गांवों में विशेष शिविरों का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार।** शासन की महत्वकांक्षी धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन एवं सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल के नेतृत्व में जिले के आदिवासी बाहुल्य 46 गांव में विशेष शिविर का आयोजन 15 जून से किया जा रहा है।आदिवासी समाज के लोगों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित कर उन्हें सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने का अत्यंत कारगर एवं अभिनव पहल साबित हुआ। शिविर ग्रामीणों एवं हितग्राहियों के लिए सौगातों भरा रहा है। 30 जून 2025 तक 2 गांव 9 योजनाओं से से पूर्णतः संतृप्त हुए वहीं विभिन्न योजनाओं के तहत 25109 जनजातीय परिवार के सदस्य लाभान्वित हुए। शिविर चयनित गांव में आगे भी जारी रहेगा।



प्राप्त जानकारी के अनुसार विशेष शिविर में विकासखण्ड सिमगा के ग्राम ढाबाडीह एवं बरडीह (बिटकुली) के शतप्रतिशत आदिवासी परिवार के सदस्यों का आधार कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, राशन कार्ड, पीएम जनधन योजना, सिकल सेल जांच, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, पीएम सम्मान निधि, आयुष्मान कार्ड एवं मनरेगा जॉब कार्ड बनाए गए। दोनों गांव में आधार कार्ड 1031, राशन कार्ड 255, किसान क्रेडिट कार्ड 140, पी.एम जनधन योजना 573, सीकल सेल टेस्टिंग 1031, जाति, निवास प्रमाण पत्र 981, पी.एम. सम्मान निधि 140, आयुष्मान कार्ड 1031 एवं मनरेगा जॉब कार्ड 255 बनाए गए।

## संपादकीय

### सख्ती से ही सफलता मिल रही

सरकार जब कोई फैसला कर लेती है और उस पर कायम रहती है तो उसे देर से सही सफलता जरूर मिलती है। अमित शाह के नेतृत्व में साय सरकार 2026 तक नक्सलियों के सफाए के लिए सख्ती से काम कर रही है। इसलिए उसे निरंतर सफलता मिल रही है। सरकार की सबसे बड़ी सफलता है कि बस्तर में नक्सलियों की संख्या का निरंतर कम होते जाना है। बस्तर में नक्सलियों की संख्या निरंतर कम हो रही है तो इसकी वजह है कि बड़े नक्सली नेता मारे जा रहे हैं, इससे नक्सलियों में मारे जाने का खौफ पैदा हुआ है और मारे जाने के खौफ से नक्सली सबसे ज्यादा सरेंडर कर रहे हैं। नक्सलियों के सरेंडर करने के साथ ही बड़ी संख्या में नकसलियों का गिरफ्तार भी किया जा रहा है। यानी नक्सलियों की संख्या तीन तरह से कम हो रही है, इससे नक्सलियों को बस्तर में अपना अस्तित्व बचाना मुश्किल हो गया है। बस्तर में कैंपों की संख्या बढने के कारण नक्सली पहले की तरह न तो अपनी गतिविधि चला पा रहे हैं। न पहले की तरह नक्सलियों की भर्ती कर पा रहे हैं, न पहले की तरह प्रशिक्षण दे पा रहे हैं। पैसे की वसूली भी पहले की तरह नहीं हो रही है क्योंकि नक्सलियों का आतंक कम हो गया है, गांव के गांव नक्सलियों के आतंक से मुक्त होते जा रहे हैं। नक्सलियों के पास धन की कमी से वह न तो पहले की तरह हथियार खरीद पा रहे हैं न ही योजना बनाकर बड़ा हमला कर पा रहे हैं। कभी कभार अपनी उपस्थिति बताने के लिए वह बेगुनाह ग्रामीणों की हत्या जरूर करते हैं लेकिन इससे पहले की तरह उनका आतंक कायम नहीं हो रहा है, बस्तर के लोग भी समझ गए हैं कि नक्सलियों का खात्मा अब जल्द हो जाएगा, इसलिए वह बौखला कर इस तरह की कायराना हरकतें कर रहे हैं। नक्सली डरे हुए है, अपनी जान बचाना चाहते हैं इसलिए वह आए दिन सरेंडर कर रहे हैं। हाल ही में बीजापुर जिले में 13 माओवादियों ने सरेंडर कर समाज की मुख्य धारा में लौटने का फैसला किया है। इससे साफ है कि बस्तर नक्सलियों से निरंतर मुक्त हो रहा है तथा मार्च 2026 तक निश्चित रूप से नक्सलियों से मुक्त हो जाएगा।

## राशिफल

मेष आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती से भरा रहने वाला है। आपको किसी सहयोगी की कोई बात बुरी लग सकती है। लेनदेन से संबंधित मामले में आप अपने आंख और कान खुले रखें। आपका कोई काम यदि लंबे समय से लटका हुआ था, तो वह भी पूरा हो सकता है। आपको अपने पिताजी की सलाह पर चलना बेहतर रहेगा। आपको अपने बिजनेस को लेकर भाई-बहनों से सलाह लेनी पड़ सकती है। आपने यदि किसी को धन उधार दिया था, तो वह भी आपको वापस मिल सकता है।

वृषभ आज का दिन आपके लिए कला कौशल में निखार लेकर आएगा। आप अपने हुनर को तराशेंगे, जो आपकी आय के सोर्स को बढाएगा। आप अपनी संतान की संगति पर विशेष ध्यान दें, नहीं तो किसी गलत काम की ओर अग्रसर हो सकते हैं। आप किसी नए बिजनेस की शुरुआत करने के लिए जल्दबाजी बिल्कुल ना करें, नहीं तो बाद में आपको उसके लिए पछतावा हो सकता है। आपको अपने जरूरी कामों को लेकर किसी दूसरे पर डिपेंड नहीं रहना है।

मिथुन आज आप किसी काम को लेकर कोई जोखिम न उठाएं। बिजनेस में भी आप थोड़ा सोच समझकर ही धन लगाएं, तो आपके लिए बेहतर रहेगा, क्योंकि आपको कोई नुकसान होने की संभावना है। परिवार में किसी सदस्य के विवाह में यदि कोई बाधा आ रही थी, तो वह भी दूर होगी। आप परिवार के सदस्यों के साथ मिल बैठकर कुछ पारिवारिक समस्याओं को लेकर बातचीत करेंगे। आपका किसी नए घर को खरीदने का सपना पूरा हो सकता है, जिसके लिए आप कोई लोन भी अप्लाई कर सकते हैं।

कर्क आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपकी भाई बहनों से किसी बात को लेकर कहासुनी हो सकते हैं। आपको अपने आसपास रह रहे लोगों से भी थोड़ा सतर्क रहना होगा। आपको यदि कोई जिम्मेदारी मिले, तो कार्यक्षेत्र में उसे पूरा करने के लिए आपका सहयोगी आपकी मदद कर सकते हैं। आप किसी यात्रा पर जाने की प्लानिंग कर सकते हैं। आपका कोई विरोधी आपको परेशान करने की कोशिश कर सकता है। संतान को आप किसी नए कोर्स में दाखिला दिला सकते हैं।

सिंह आज का दिन आपके लिए आत्मविश्वास से भरपूर रहने वाला है। किसी पुरानी गलती से आपको सबक लेना होगा और आप अपने कामों को आज किसी दूसरे के भरोसे नहीं छोड़ेंगे। आपको अपनी मेहनत में तेजी लाने की आवश्यकता है, लेकिन आप इनकम के हिसाब से खर्च करें, तो ही आपके लिए बेहतर रहेगा। आप अपने घर का रिनोवेशन का काम भी शुरू कर सकते हैं। जीवनसाथी के साथ आप कुछ प्रेम भरे पल व्यतीत करेंगे।

कन्या आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप अपने परिवार में अपनी जिम्मेदारियां से बिल्कुल पीछे ना हटें। कार्यक्षेत्र में आपके बॉस आपसे काम को लेकर कोई बातचीत कर सकते हैं। आप अपनी पारिवारिक समस्याओं को लेकर थोड़ा टेंशन में रहेंगे। आपको अपने खर्चो पर थोड़ा ध्यान देना होगा। संतान से किए हुए वादे को भी आप समय रहते पूरा करने की कोशिश करेंगे। आप उन्नति के राह पर आगे बढ़ेंगे। आपको कोई काम को लेकर बड़ा ऑर्डर मिल सकता है।

तुला आज का दिन आपके लिए सेहत पर ध्यान देने के लिए रहेगा। आपका कोई पुराना रोग उभर सकता है। आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आपकी संतान के मन में चल रही उलझनों को जानने की कोशिश करेंगे। जीवनसाथी की सलाह आपके बिजनेस के लिए कारगर सिद्ध होगी। आप अपने खाने में बदलाव लाएं, जिससे कि आपकी सेहत भी ठीक होगी, लेकिन ससुराल पक्ष का कोई व्यक्ति आपसे मेल-मिलाप करने आ सकता है।

वृश्चिक आज का दिन आपके लिए उन्नति की राह पर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। आपको अपने किसी विरोधी की बातों में आने से बचना होगा। आपकी इनकम के सोर्स बढ़ेंगे, जो आपको खुशी देंगे। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा हो सकता है। आप कार्यक्षेत्र में कोई जरूरी जानकारी किसी दूसरे से शेयर ना करें। आपको अपनी आंख और कान खुले रखकर काम करने की आवश्यकता है। ऑनलाइन व्यवसाय कर रहे लोगों को कोई बड़ा ऑर्डर मिल सकता है।

धनु आज का दिन नौकरी की तलाश कर रहे लोगों के लिए बढ़िया रहने वाला है, क्योंकि उन्हें कोई अच्छा अवसर मिलने की संभावना है। वाहनों का प्रयोग आप थोड़ा सावधान रहकर करें। आप अपने बिजनेस में पार्टनरशिप यदि करें, तो उसमें पूरी लिखा पढ़ी करके करें, नहीं तो आपको धोखा मिल सकता है। आपका डूबा हुआ धन आपको मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आप अपने कुछ पुराने कर्ज को भी उतारने की कोशिश में लगे रहेंगे।

मकर आज का दिन आपके लिए मन मुताबिक लाभ दिलाने के लिए रहेगा। आप जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें अच्छी सफलता मिलेगी, लेकिन किसी दूर रह रहे परिजन से आपको कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिल सकती है। आपको किसी नए काम की शुरुआत करना अच्छा रहेगा। आपको अपनी सेहत को लेकर भी लापरवाही बरतने से बचना होगा। परिवार में किसी मांगलिक उत्सव की तैयारी शुरू हो सकती हैं।


कुंभ आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आप अपने कामों पर पूरा ध्यान देंगे और किसी जरूरी कामों को लेकर आप कहीं यात्रा पर भी जा सकते हैं। राजनीति में कार्यरत लोगों को कोई बड़ी जिम्मेदारी के साथ-साथ कोई पुरस्कार भी मिलने की संभावना है। आप किसी दूसरे के मामले में पड़ने से बचें। परस्पर सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। आप अपने रक्त संबंधी रिश्तों में मजबूती आएगी।

मीन आज का दिन आपके लिए अपने जरूरी कामों पर ध्यान देने के लिए रहेगा। सरकारी मामलों में आपको किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह से निपटना बेहतर रहेगा। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपकी अपने किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मुलाकात होगी। आपको अपने किसी सहयोगी की कोई बात बुरी सकती है। माताजी से आपकी किसी बात को लेकर कहासुनी होने की संभावना है। बिजनेस में आपको कुछ उतार चढ़ावों का सामना करना पड़ेगा।

## चर्चित मुद्दा

# संविधान में समाजवाद-धर्मनिरपेक्षता की इंट्री इंदिरा की विरासत या साजिश

**संजय सक्सेना, वरिष्ठ पत्रकार**




राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ यानी आरएसएस सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले के संविधान की प्रस्तावना में समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्दों पर दिए गए बयान को लेकर कांग्रेस ने आरएसएस पर निशाना क्या साधा, भारतीय राजनीति में भूचाल ही आ गया। कांग्रेस ने तुरंत आरोप लगा दिया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और बीजेपी की सोच ही संविधान विरोधी है। कांग्रेस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'ये बाबा साहेब के संविधान को खत्म करने की वो साजिश है, जो आरएसएस-बीजेपी हमेशा से रचती आई है।' इससे पहले दत्तात्रेय होसबोले ने एक कार्यक्रम में कहा था कि समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्दों को आपातकाल के दौरान संविधान की प्रस्तावना में शामिल किया गया था और इन्हें प्रस्तावना में रहना चाहिए या नहीं, इस पर विचार किया जाना चाहिए। होसबाले के इस बयान के बाद इंडी गठबंधन के धड़े और बीजेपी आमने-सामने आ गई है। कांग्रेस तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के इस बदलाव का बचाव करने के लिए इंदिरा की जगह बाबा साहब के पीछे छिपकर भाजपा और संघ नेताओं के खिलाफ हमलावर है, वहीं बीजेपी इसे कांग्रेस की सांप्रदायिक सोच बताकर उस पर हमलावर है। गौरतलब हो, भारत का संविधान, जो 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ, एक जीवंत और गतिशील दस्तावेज है। यह न केवल देश के शासन की नींव है, बल्कि समय के साथ समाज की बदलती जरूरतों को भी दर्शाता है। संविधान में समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता जैसे शब्दों का समावेश एक ऐसी राजनीतिक घटना है, जो कथित तौर पर भारतीय लोकतंत्र की प्रगतिशीलता और दूरदर्शिता को रेखांकित करती है।

इस हकीकत से इंकार नहीं किया जा सकता है कि संविधान की प्रस्तावना में समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता की इंट्री न तो महात्मा गांधी, न ही बाबा साहब अंबेडकर की देन है, बल्कि इसकी बुनियाद भारत की पहली महिला प्रधानमंत्री, इंदिरा गांधी थी। 15 अगस्त 1947 को देश आजाद होने के बाद 26 जनवरी 1950 में जब संविधान लागू हुआ, तो यह भारत को एक संप्रभु, लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में स्थापित करने वाला दस्तावेज था। डॉ. अंबेडकर के नेतृत्व में संविधान सभा ने इसे एक ऐसा ढांचा दिया, जो समानता, स्वतंत्रता और न्याय के सिद्धांतों पर आधारित था। महात्मा गांधी के विचारों ने भी संविधान की भावना को प्रभावित किया, खासकर सामाजिक न्याय और अहिंसा के क्षेत्र में। हालांकि, प्रारंभिक संविधान में समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष जैसे शब्द स्पष्ट रूप से शामिल नहीं थे। यह अनुपस्थिति न तो किसी कमी को दर्शाती थी, न ही किसी विचारधारा की अनदेखी को। यह उस समय की परिस्थितियों का परिणाम था, जब संविधान को एक व्यापक और लचीला दस्तावेज बनाने की जरूरत थी। 1966 में, जब इंदिरा गांधी भारत की प्रधानमंत्री बनीं, देश एक नाजुक दौर से गुजर रहा था। आजादी के बाद के दशकों में भारत ने आर्थिक और सामाजिक चुनौतियों का सामना किया। गरीबी, असमानता और सामाजिक भेदभाव जैसे मुद्दे देश के सामने थे। इंदिरा ने इन समस्याओं को देखा और महसूस किया कि भारत को एक ऐसी दिशा की जरूरत है, जो न केवल आर्थिक प्रगति सुनिश्चित करे, बल्कि सामाजिक न्याय और समानता को भी बढ़ावा दे। इसके साथ ही, भारत की बहुधार्मिक और बहुसांस्कृतिक पहचान को मजबूत करने की आवश्यकता थी, ताकि सभी धर्मों और समुदायों के बीच सामंजस्य बना रहे। इंदिरा गांधी का नेतृत्व साहस और दूरदर्शिता से भरा था। उन्होंने गरीबी हटाओ जैसे नारे दिए, जो समाजवादी विचारधारा का प्रतीक बन गए। उनका मानना था कि भारत का विकास तभी संभव है, जब समाज के सबसे कमजोर वर्ग को मुख्यधारा में लाया जाए। लेकिन यह केवल नारों तक सीमित नहीं था। इंदिरा ने इसे संवैधानिक स्तर पर स्थापित करने का निर्णय लिया। 1976 में, इंदिरा गांधी के नेतृत्व में भारत के संविधान में 42वां संशोधन पारित हुआ। यह संशोधन भारतीय संविधान के इतिहास में सबसे व्यापक और महत्वपूर्ण संशोधनों में से एक था। इस संशोधन के माध्यम से संविधान की प्रस्तावना में दो महत्वपूर्ण शब्द जोड़े गए समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष। इसके साथ ही, भारत को अब संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में परिभाषित किया। समाजवादी शब्द का समावेश इंदिरा गांधी के उस दृष्टिकोण को दर्शाता था, जिसमें आर्थिक और सामाजिक समानता सर्वोपरि थी। यह समाजवाद मार्क्सवादी या साम्यवादी विचारधारा से अलग था। यह भारतीय संदर्भ में समाजवाद था, जो लोकतंत्र के साथ सामंजस्य बिठाता था। इसका उद्देश्य था कि संसाधनों का वितरण इस तरह हो कि समाज का हर वर्ग, विशेष रूप से गरीब और वंचित, इसका लाभ उठा सके। इंदिरा के नेतृत्व में बैंकों का राष्ट्रीयकरण, जमींदारी उन्मूलन और ग्रामीण विकास योजनाएं इस समाजवादी दृष्टिकोण का हिस्सा थीं। संविधान में इस शब्द को जोड़कर उन्होंने इसे एक स्थायी और संवैधानिक आधार दिया। विरोध की जड़ें कई स्तरों पर हैं। कुछ लोग मानते हैं कि बाबा साहब ने संविधान बनाते समय समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता को स्पष्ट रूप से प्रस्तावना में शामिल नहीं किया, क्योंकि वे चाहते थे कि संविधान तटस्थ रहे। उनके लिए संविधान सामाजिक और आर्थिक बदलाव का उपकरण था, न कि किसी विचारधारा का प्रचारक। आलोचकों का कहना है कि इंदिरा गांधी ने इन शब्दों को जोड़कर अपनी सरकार की समाजवादी नीतियों को संवैधानिक समर्थन देने की कोशिश की, जो आपातकाल जैसे अलोकतांत्रिक कदमों के साथ विरोधाभासी थी। धर्मनिरपेक्षता को लेकर भी सवाल उठे। भारत में धर्मनिरपेक्षता का मतलब 'सर्वधर्म समभाव' रहा है, लेकिन कुछ लोग इसे पश्चिमी 'सेक्युलरिज्म' से जोड़कर देखते हैं, जो धर्म को सार्वजनिक जीवन से अलग करता है। हिंदू राष्ट्रवादी समूहों का मानना है कि यह शब्द बहुसंख्यक हिंदू संस्कृति को कमजोर करता है। दूसरी ओर, अल्पसंख्यक समुदाय इसे अपनी सुरक्षा का आधार मानते हैं। इस तरह, धर्मनिरपेक्षता एक ध्रुवीकृत मुद्दा बन गया। समाजवाद पर भी बहस जारी है। कुछ लोग इसे आर्थिक सुधारों के खिलाफ मानते हैं, जो 1991 में शुरू हुए। वे कहते हैं कि समाजवाद का शब्द अब प्रासंगिक नहीं, क्योंकि भारत ने बाजार अर्थव्यवस्था को अपनाया है। दूसरी ओर, समाजवादी विचारकों का कहना है कि यह शब्द संविधान को सामाजिक न्याय का दिशा-निर्देश देता है। आज, जब लोग इन शब्दों का विरोध करते हैं, तो वे इंदिरा गांधी की मंशा पर सवाल उठाते हैं। क्या यह वास्तव में देशहित में था या सत्ता को मजबूत करने की रणनीति? बाबा साहब का संविधान समावेशी था, लेकिन क्या इन शब्दों ने उसकी मूल भावना को बदला? यह बहस भारत के भविष्य को भी प्रभावित करती है, क्योंकि यह तय करती है कि हमारा संविधान किस विचारधारा को अपनाएगा। धर्मनिरपेक्षता एकता का आधार धर्मनिरपेक्ष शब्द का समावेश भारत की बहुधार्मिक और बहुसांस्कृतिक पहचान को मजबूत करने का एक प्रयास था। भारत में धर्मनिरपेक्षता का अर्थ है कि राज्य किसी भी धर्म को विशेष दर्जा नहीं देता और सभी धर्मों के प्रति समान व्यवहार करता है। यह शब्द संविधान में जोड़कर इंदिरा ने यह सुनिश्चित किया कि भारत की एकता और अखंडता को कोई धार्मिक या सांप्रदायिक शक्ति कमजोर न कर सके। यह विशेष रूप से उस समय महत्वपूर्ण था, जब सामाजिक और सांप्रदायिक तनाव देश के लिए चुनौती बन रहे थे। 42वां संशोधन और इंदिरा गांधी के इस कदम की आलोचना भी हुई। कुछ लोगों का मानना था कि यह संशोधन आपातकाल के दौरान लागू किया गया, जो लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ था।

# प्रगति का आधार - नवाचार, समावेश और पहचान का एक दशक

**श्री गिरिराज सिंह, केंद्रीय वस्त्र मंत्री, भारत सरकार**

हम वस्त्रों की बात अक्सर व्यापार की भाषा जैसे निर्यात, घाटा और अधिशेष के रूप में करते हैं। लेकिन यह संकीर्ण दृष्टिकोण उस पैमाने से चूक जाता है जो वास्तव में काम कर रहा है। भारत के वस्त्र क्षेत्र की ताकत केवल उसके विदेशी शिपमेंट में ही नहीं है। यह कहीं ज़्यादा स्थायी चीजों में निहित है। बढ़ती जनसंख्या, एक ऐसा घरेलू ईंजन है जो धीमे होने से इनकार करता है और यह विरासत और नवाचार दोनों के उभरते हुए स्वभाव को दर्शाता है। यह 143 करोड़ भारतीयों द्वारा संचालित है जो अपने पहनावे, अपने घरों और अपनी परंपराओं में आराम, पहचान और आकांक्षा बनाए रखते हैं।



इस क्रांति का प्रसारण नहीं किया गया। इसे बुना गया। जहां दुनिया डिजिटल सफलताओं और बुनियादी ढांचे में तेजी को ट्रैक कर रही थी, वहीं भारत के करघों पर कुछ शांत और गहरा सामने आ रहा था। जिस को कभी विरासत उद्योग के रूप में खारिज कर दिया गया था आज प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उसे लचीलेपन, नवाचार और गौरव की शक्ति में बदल दिया गया है। भागलपुर के चमकते रेशम से लेकर पानीपत के पुनर्चक्रित धागों तक, परिवर्तन धीर, स्थिर और स्थायी है।

यह पुनरुत्थान नहीं है। यह पुनर्जागरण है। 2047 तक एक विकसित भारत के निर्माण के लिए नींव को कंक्रीट और इस्पात से आगे ले जाना होगा। उन्हें समुदायों, आजीविका और सांस्कृतिक निरंतरता पर आधारित होना चाहिए। वस्त्र क्षेत्र की तुलना में इस दृष्टिकोण को कहीं और अधिक स्पष्ट रूप से महसूस नहीं किया गया है। 4.6 करोड़ लोगों के साथ दूसरा सबसे बड़ा नियोक्ता होने के नाते, यह एक उद्योग से अधिक है। यह कौशल, पहचान और अवसरों का जीवंत पारिस्थितिकी तंत्र है। कभी पिछड़ा समझे जाने वाला यह उद्योग धीरे-धीरे आधुनिक आर्थिक इंजन में बदल गया है। अब पारंपरिक बुनाई वैश्विक बाजारों में प्रवेश कर रही है, जबकि तकनीकी वस्त्र एयरोस्पेस और कृषि में अपनी पैठ बना रहे हैं। और जमीनी स्तर पर, प्रत्येक करघा और चरखा गरिमा, नवीनीकरण और शांत शक्ति की गहरी कहानी दर्शाता है।

**विकास का एक दशक: आंकड़े जो बताते हैं एक कहानी**–जब हमारी सरकार ने 2014 में कार्यभार ग्रहण किया था, तो भारत का वस्त्र क्षेत्र विरासत में निहित एक ऐसे चौराहे पर खड़ा था जो वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता में दिशाहीन था। कभी ठहराव से चिह्नित, वस्त्र क्षेत्र के पैमाने और संरचना को समर्थ के तहत लक्षित कौशल, कपास उत्पादकता मिशन, पीएलआई योजना और पीएम मित्र पार्क के जरिए विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे के मिशन के रूप में नए युग के निवेश के माध्यम से फिर से बुना गया है।

भारत के वस्त्र क्षेत्र में रोजगार 2014 में 3 करोड़ से तेजी से बढ़कर आज 4.6 करोड़ हो गया है, जिससे कुशल और अकुशल श्रम को अवशोषित करने के अवसर और क्षमता दोनों में मजबूत विस्तार हुआ है। घरेलू मांग में वृद्धि और उत्पादन की तेजी से प्रेरित होकर बाजार का आकार 112 बिलियन डॉलर से बढ़कर 176 बिलियन डॉलर हो गया है। परिधान निर्यात लंबे समय से इस क्षेत्र की आधारशिला है, वह 14 बिलियन डॉलर से बढ़कर 18 बिलियन डॉलर हो गया है, जो मूल्यवर्धित उत्पादन में लगातार लाभ को दर्शाता है।

काफी समय से लंबित भारत-यूके एफटीए को आखिरकार प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में अंतिम रूप दिया गया है। यह भारत के श्रम-प्रधान वस्त्र क्षेत्र के लिए विनिर्माण और निर्यात के एक वैश्विक केंद्र के रूप में राष्ट्र के उत्थान के लिए द्वार खोलकर निर्णायक बढ़त का वादा करता है।

लेकिन ये मात्र आंकड़े नहीं हैं बल्कि उससे कहीं बढ़कर हैं। वे एक रणनीतिक रीसेट का संकेत देते हैं। अस्थायी उपायों से दीर्घकालिक दृष्टिकोण की ओर बढ़ते हुए, हमारी सरकार ने मानव निर्मित रेशों, नए युग के रेशों और तकनीकी वस्त्रों को अपनाने के लिए उद्योग के दायरे को उसके कॉटन कोर से आगे बढ़ाया है। जिन क्षेत्रों को कभी अनदेखा किया गया था, वे अब वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार हैं। यह विजन अब केवल घरेलू धागों तक सीमित नहीं है। यह भारत के वस्त्रों को लचीलेपन, कौशल और स्थिरता के साथ वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में एकीकृत करने पर आधारित है। यह परिवर्तन संयोग से नहीं हुआ है। यह प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रित शासन, साहसिक सुधारों और अटूट प्रतिबद्धता का परिणाम है।

**कपास के खेतों से कार्बन फाइबर तक विस्तार**–भारत की वस्त्र गाथा आज पारंपरिक धागों से कहीं आगे है, जो कपास के खेतों से लेकर कार्बन फाइबर तक, हथकरघा से लेकर उच्च निष्पादन वाले तकनीकी वस्त्रों तक फैली हुई है। जमीनी स्तर पर, सरकार ने प्राकृतिक रेशों को अभूतपूर्व सहायता प्रदान की है।

कपास उत्पादकता के लिए नए मिशन के साथ, भारत का लक्ष्य 2030 तक कपास उत्पादन को 5.70 से 7.70 एमएमटी और उत्पादकता को 439 से 612 किलोग्राम/हेक्टेयर तक बढ़ाना है। वर्तमान में, कपास वैश्विक कपास निर्यात बाजार का 3.16 प्रतिशत और कस्तूरी कपास का सिर्फ़ 1 प्रतिशत हिस्सा है। कपास उत्पादकता मिशन के तहत, हमारा लक्ष्य 2030 तक इसे प्रीमियम वैश्विक कपास निर्यात का 10 प्रतिशत बनाना है। पिछले 11 वर्षों में भारतीय कपास निगम द्वारा कपास की खरीद में 338 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि मध्यम और लंबे रेशे वाले कपास के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य दोगुने से अधिक हो गए हैं, जिससे किसानों को सीधा लाभ मिल रहा है। रेशम उत्पादन में 58 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। यहां तक कि जूट, जो कभी एक घटता हुआ खंड था, उसमें भी नई गति देखी गई है। जूट निर्यात 2014 में 1,470 करोड़ से दोगुना होकर 2024 में 3,000 करोड़ से अधिक हो गया है, जो विविधिकृत जूट उत्पादों की मांग में वृद्धि के कारण है, जिनका निर्यात एक दशक में तीन गुना से अधिक हो गया है।

जैसे-जैसे भारत प्राकृतिक रेशों के क्षेत्र में अपनी जड़ें मजबूत करता है, भविष्य के लिए वह निर्णायक हो रहा है। 10,683 करोड़ रुपये के परिव्यय और 3 लाख से अधिक नौकरियों के सृजन के साथ उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना ने भारत को पीपी. किटों के वैश्विक उत्पादक के रूप में स्थापित करने में मदद की है।

तकनीकी वस्त्र बाजार, जो कभी निर्यात में लगभग अस्तित्वहीन और मामूली स्तर पर था, 2025 में अनुमानित 26 बिलियन डॉलर तक बढ़ गया है। नगण्य निर्यात से, भारत ने अब आउटबाउंड व्यापार में 3 बिलियन डॉलर दर्ज किया है। एग्रोटेक और मेडिटेक से, भारत इस उच्च-मूल्य, नवाचार-संचालित क्षेत्र में खुद को एक उभरते वैश्विक नेतृत्वकर्ता के रूप में स्थापित करके तकनीकी वस्त्रों के सभी बारह क्षेत्रों में निर्णायक प्रगति कर रहा है।सात पीएम मित्र पार्क एकीकृत प्लग एंड प्ले, वन स्टॉप सॉल्यूशन टेक्सटाइल हब के रूप में विकसित किए जा रहे हैं, जो फाइबर से लेकर फैशन तक की पूरी मूल्य श्रृंखला को एक साथ लाएंगे। इनसे कुल मिलाकर 70,000 करोड़ रुपये का निवेश आने और 22 लाख से ज्यादा नौकरियाँ सृजित होने की उम्मीद है, 22,000 करोड़ रुपये का प्रावधान पहले ही किया जा चुका है। पीएम मित्र पार्कों के अलावा, एकीकृत टेक्सटाइल पार्कों की योजना के तहत 50 टेक्सटाइल पार्क विकसित किए गए हैं, जिनमें 15,000 करोड़ रुपये का निवेश आया है और 1.3 लाख नौकरियाँ सृजित हुई हैं।

कपास किसान से लेकर कार्बन फाइबर इनोवेटर तक, मोदी सरकार आत्मविश्वास के साथ इस पटकथा को फिर से लिख रही है। कृषि से लेकर एयरोस्पेस तक, भारत का टैक्सटाइल ट्रांसफॉर्मेशन सही मायनों में विकसित भारत की प्रगति को आपस में जोड़ रहा है।

कृषि से लेकर भविष्य तक, अनुसंधान और विकास भारत की हरित वस्त्र अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देता हैः

अनुसंधान और नवाचार लंबे समय से भारत के वस्त्र क्षेत्र में अज्ञात विषय थे। पिछली सरकारों के तहत, उद्योग पारंपरिक रेशों तक सीमित रहा, जिसमें आधुनिकीकरण या स्थिरता लाने के लिए बहुत कम प्रयास किए गए। मोदी सरकार ने अपनी वस्त्र रणनीति के मूल में अनुसंधान एवं विकास को रखकर और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता के साथ पर्यावरणीय जिम्मेदारी को मिलाने वाले अगली पीढ़ी के रेशों की खोज का समर्थन करके इस जड़ता को बदल दिया है। 2020 से, राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन के तहत 509 करोड़ की 168 शोध परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है, जो उपेक्षा से रणनीतिक निवेश की ओर निर्णायक बदलाव का संकेत है।2030 तक इस क्षेत्र के मूल्य को दोगुना करके 350 बिलियन डॉलर करने के लक्ष्य के साथ, स्थिरता अब एक विचार नहीं है। यह बहुत महत्वपूर्ण समय पर हुआ है। जैसे-जैसे फास्ट फैशन गति पकड़ रहा है, 2030 तक इसके 50-60 बिलियन डॉलर के बाजार में विकसित होने की उम्मीद है। इसके साथ ही तेजी से बदलते रुझानों के कारण टेक्सटाइल अपशिष्ट में भी वृद्धि हो रही है।

## सेहत

### एनर्जी, डिटॉक्स और ग्लोइंग स्किन, Matcha के फायदे जानकर आप ग्रीन टी पीना छोड़ देंगे

माचा में एंटीऑक्सिडेंट्स की मात्रा बेहद अधिक होती है, जो शरीर को डिटॉक्स करने, इम्युनिटी बढाने और मेटाबॉलिज्म को तेज करने में मदद करता है। अगर आप दिन की शुरुआत एनर्जी और फोकस के साथ करना चाहते हैं, तो माचा आपकी डाइट में जरूर शामिल होना चाहिए। माचा इन दिनों सोशल मीडिया पर छाया हुआ है, हर कोई इसके बारे में बात कर रहा है। लेकिन ये सिर्फ एक ट्रेंड नहीं, बल्कि सेहत का खजाना है। यह कोई आम हरी चाय नहीं, बल्कि हरी चाय की पत्तियों का बारीक पीसा हुआ पाउडर है, जिसे पीने से आप पूरी पत्ती के पोषक तत्वों का फायदा उठाते हैं। माचा में एंटीऑक्सिडेंट्स की मात्रा बेहद अधिक होती है, जो शरीर को डिटॉक्स करने, इम्युनिटी बढाने और मेटाबॉलिज्म को तेज करने में मदद करता है। अगर आप दिन की शुरुआत एनर्जी और फोकस के साथ करना चाहते हैं, तो माचा आपकी डाइट में जरूर शामिल होना चाहिए। आइए जानते हैं माचा पीने के बेहतरीन फायदे, जो इसे सुपरफूड बनाते हैं।

**एंटीऑक्सिडेंट्स का पावरहाउस**-माचा में कैटेचिन नामक एंटीऑक्सिडेंट बहुत अधिक मात्रा में पाया जाता है, खासकर जो शरीर से हानिकारक टॉक्सिन्स को बाहर निकालने और सेल्स को डैमेज से बचाने में मदद करता है। यह स्किन, बाल और इम्यून सिस्टम के लिए बहुत फायदेमंद होता है।

**मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करता है**-माचा शरीर के मेटाबॉलिज्म को तेज करता है, जिससे कैलोरीज तेजी से बर्न होती हैं। अगर आप वजन कम करना चाहते हैं, तो माचा आपके लिए नेचुरल हेल्पर बन सकता है।

**फोकस और एनर्जी बढाता है**-माचा में कैफीन तो होता है, लेकिन यह धीरे-धीरे रिलीज होता है। इसलिए आपको एनर्जी और फोकस लंबे समय तक बना रहता है, बिना किसी 'कैफीन क्रैश' के। इसमें L-Theanine नामक अमीनो एसिड भी होता है, जो दिमाग को शांत और केंद्रित रखने में मदद करता है।

**दिल और लिवर की सेहत के लिए फायदेमंद**-अध्ययनों से पता चला है कि माचा का नियमित सेवन कोलेस्ट्रॉल को बैलेंस करने और लिवर की कार्यक्षमता को सुधारने में मदद करता है, जिससे हार्ट और लिवर दोनों की सेहत बेहतर बनी रहती है।

**स्किन को ग्लोइंग बनाता है**-माचा में मौजूद एंटीऑक्सिडेंट्स और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण स्किन को साफ, जवान और चमकदार बनाए रखने में मदद करते हैं। यही कारण है कि कई स्किन केयर प्रोडक्ट्स में भी माचा का इस्तेमाल किया जाता है।

## सू-दोकू 96

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 1 | | 5 | |
| 6 | | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | 3 | | | | 2 | | 1 | |
| | | 3 | | 9 | | 5 | | 4 |
| 5 | | | 3 | | | | 9 | |
| | | 4 | | 2 | | | | 6 |
| 4 | | | 2 | | 3 | | 6 | |
| | | 6 | | | | 8 | | 7 |
| | 2 | 9 | 7 | | 6 | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से9के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 095 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 5 | 9 | 3 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 7 | 8 | 1 | 6 | 2 | 3 | 5 | 9 |
| 3 | 6 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 |
| 8 | 5 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 4 | 2 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 |
| 6 | 4 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 6 | 2 |
| 9 | 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 |

### बस्तर में चल पड़ी नवाचार की नई राह

# प्लास्टिक कचरे से छत्तीसगढ़ के वनांचल में बन रहीं सड़कें

**रायपुर,1 जुलाई।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित इलाके बस्तर में नवाचार की नई राह चल पड़ी है। यहां प्लास्टिक कचरे से सड़क बनाई गई है, जिसमें गाड़ियां दौड़ने भी लगी है। बता दें कि, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत बस्तर के जगदलपुर स्थित ग्राम कलागुड़ा में प्लास्टिक कचरे से 1 किमी लंबी सड़क का निर्माण किया गया है। इस पर प्रदेश के मुखिया सीएम विष्णुदेव साय ने एक्स पर पोस्ट कर जानकारी भी दी है।

सीएम साय ने प्लास्टिक कचरे से बनी सड़क के बारे में ङ्ग पर पोस्ट कर लिखा, 'प्लास्टिक कचरे से बनी सड़क - बस्तर में नवाचार की नई राह छत्तीसगढ़ में हमारी सरकार नवाचार के नए प्रतिमान गढ़ रही है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत बस्तर के जगदलपुर स्थित ग्राम कलागुड़ा में



प्लास्टिक कचरे से 1 किमी लंबी सड़क का निर्माण किया गया है। यह पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि सतत विकास की सोच को भी साकार करती है।

पीएमजीएसवाई का प्राथमिक उद्देश्य ग्रामीण बस्तियों और अन्य मुख्य क्षेत्रों में मजबूत, सभी मौसमों में चलने वाली सड़कों का निर्माण करना है।छत्तीसगढञ में प्लास्टिक कचरे से सड़क कहाँ बनाई गई है?यह सड़क छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले के जगदलपुर स्थित ग्राम कलागुड़ा में बनी है। इसकी लंबाई 1 किलोमीटर है और इसे प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनाया गया है।क्या प्लास्टिक से बनी सड़क सुरक्षित और टिकाऊ होती है हाँ, कई अध्ययन और प्रयोगों से साबित हुआ है कि प्लास्टिक युक्त सड़कें पारंपरिक सड़कों से अधिक मजबूत और टिकाऊ होती हैं।

## बारिश के मौसम को देखते हुए कलेक्टर ने सतर्कता बरतने एवं पूर्व तैयारियां करने के दिए निर्देश

**कांकेर, 1 जुलाई ।** कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने आज समय-सीमा की बैठक लेकर लंबित एवं अपूर्ण कार्यों की साप्ताहिक प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने बारिश के मौसम को देखते हुए बाढ़ जैसी स्थिति न आए, इसके लिए पूर्व तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश सभी अनुविभागीय अधिकारी को दिए। साथ ही चिन्हांकित स्थलों पर सतत निगरानी रखते हुए सतर्कता बरतने हेतु निर्देशित किया। बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न विभागों में लंबित कार्यों के बारे विभागवार जानकारी लेते हुए प्रगति की समीक्षा की।कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आज सुबह 10.30 बजे से आयोजित बैठक में उन्होंने जिले में धान की बुवाई की जानकारी ली। इस पर उप संचालक कृषि ने बताया कि अब तक 21 हजार 125 हेक्टेयर क्षेत्र में बुवाई पूर्ण हो चुकी है, जो कुल लक्ष्य 99 हजार 604 हेक्टेयर रकबे का 21 प्रतिशत है। इसी तरह खाद-बीज की उपलब्धता के संबंध में बताया गया कि डीएपी खाद के अलावा शेष खाद सोसायटियों में उपलब्ध है। इसी तरह सघन वृक्षारोपण करने पर जोर देते हुए कलेक्टर ने शासकीय भवनों एवं अन्य रिक्त जगहों पर पौधे लगाने के निर्देश दिए। इसके लिए वन विभाग की नर्सरी से पौधे प्राप्त कर वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

## मोबाइल की घंटी के बाद अब नक्सलगढ़ में रेल की छुक-छुक भी सुनेंगे ग्रामीण:दीपिका

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 1 जुलाई।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित जिले सुकमा, बीजापुर और दंतेवाड़ा में रेल सेवा का विस्तार होने जा रहा है हमारे प्रदेश छत्तीसगढ़ के दुर्गम कहे जाने वाले भूभाग को तेलंगाना से जोड़ने वाले प्रस्तावित 160 किलोमीटर रेल लाईन का तोहफा भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं छत्तीसगढ़ के मुखिया विष्णु देव साय ने हम सबको दिया है . जिसके लिए सर्वे कार्य अंतिम स्तिथि पर पहुंच चुका है और वह दिन अब दूर नहीं जब हमारा वह मीनपा,चिंतलनार,जगरगुंडा,पोटकपल्ली,गोलापल्ली जैसे अनेक गाँव जो नक्सलगढ़ के नाम से जाना जाता है जिसे दुर्गम क्षेत्र से लोग जानते हैं वहां के लोग मोबाइल की घण्टी के साथ साथ रेल की छुक छुक की ध्वनि भी सुन सकेंगे वो रेल्वे स्टेशन जो सिर्फ सुना होगा अपने गाँव में देखेंगे ऐसा कहना है छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य अधिवक्ता दीपिका शोरी काउन्होंने यह भी कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं हमारे मुखिया विष्णुदेव साय ने सुकमा जिले के साथ साथ दंतेवाड़ा एवं बीजापुर की जनता की मनोभावना को समझते हुए हर



वह सुविधा देना चाहते हैं जिससे आज तक हम वंचित हैं इसी कड़ी में इस महत्वाकांक्षी परियोजना के फलस्वरूप नक्सल प्रभावित सुकमा, दंतेवाड़ा और बीजापुर जिलों को पहली बार रेलवे नेटवर्क से जोड़ेगी यहां रेलवे लाइन बिछने से आम जन को बेहद फायदा होगा. दीपिका ने यह भी कहा कि यह महत्वपूर्ण रेल लाइनतेलंगाना के कोठागुडेम से किरंदुल तक बिछेगी,इस 160 किलोमीटर लंबी नई रेल लाइन में से लगभग 138 किलोमीटर का भाग हमारे सुकमा, दंतेवाड़ा और बीजापुर जैसे नक्सल प्रभावित जिलों से गुजरेगा. हमारा यह क्षेत्र आजादी से अब तक इस सुविधा से वंचित है.रेल सुविधा के आने के बाद आवागमन के साधन मिल सकेंगे. इससे इन जिलों में लोग बाहरी दुनियां से सीधे जुड़कर ऊंची उड़ान उड़ पाएंगे,व्यापार बढ़ेगा जिससे इस क्षेत्र में सामाजिक-आर्थिक विकास में भी क्रांतिकारी बदलाव आएंगे और एक नए भारत का निर्माण होगा।

## शासकीय अधिकारियों और कर्मचारियों के अवकाश पर लगा प्रतिबंध

**सुकमा,1 जुलाई।** छत्तीसगढ़ की षष्ठम विधानसभा का षष्ठम सत्र दिनांक 14 जुलाई से 18 जुलाई तक आयोजित किया जाएगा। इस दौरान निर्धारित प्रश्नोत्तर काल के लिए प्राप्त विधानसभा प्रश्नों के उत्तर निर्धारित समयावधि में शासन को प्रेषित करने संबंधी कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता में किया जाएगा। जिले के समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों को कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने निर्देशित किया है कि वे सक्षम अधिकारी की पूर्व स्वीकृति प्राप्त किये बिना अवकाश पर प्रस्थान नही करेंगे। इसके अतिरिक्त आकस्मिक स्थिति में बुलाये जाने पर कार्यालयीन अवधि के पश्चात एवं अवकाश के दिनों में भी कार्यालय में उपस्थित रहेंगे।

## नदी में अचानक बढ़ा जलस्तर, तेज बहाव में घंटों फंसे रहे तीन बच्चे

**बलरामपुर, 1 जुलाई।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में हो रही झमाझम बारिश से नदी-नाले उफान पर हैं. इसी बीच राजपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत गागर नदी में बाढ़ आने के कारण तीन बच्चे घंटों फंस रहे. हालांकि जलस्तर कम होने पर तीनों बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया.जानकारी के मुताबिक, गागर नदी में तीन बच्चे मछली पकड़ने के लिए गए थे. अचानक नदी में जल स्तर बढ़ गया, जिससे तीनों बच्चे नदी के बीच में ही फंस गए. हालांकि कुछ घंटे के बाद जल स्तर कम हुआ तब तीनों बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया. बड़ा हादसा होने से टल गया।

बता दें कि प्रदेशभर में मानसून एक्टिव है, जिसके कारण हो रही बारिश के कारण नदी-नाले उफान पर हैं. रामानुजगंज स्थित कनहर नदी का जलस्तर बढ़ने से पानी एनीकेट के ऊपर से बह रहा है. छत्तीसगढ़ और झारखंड की सीमा पर बहने वाली इस नदी में कोई दुर्घटना न हो इसलिए पुलिस ने नदी किनारे पेट्रोलिंग बढ़ा दी है.

## सांसद महेश कश्यप के प्रयास से जगदलपुर से सुकमा फोर लेन बनेगा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 1 जुलाई ।** बस्तर सांसद महेश कश्यप सांसद निर्वाचित होने के बाद ही बस्तर में मूलभूत सुविधाओं के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं जिसके तहत उन्होंने 20 दिसंबर 2024 को केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर जगदलपुर शहर के महाराणा प्रताप चौक पर फ्लाईओवर एवं (आईआई) राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-30 जगदलपुर से सुकमा मार्ग को 4-लेन करने की मांग की थी।सांसद महेश कश्यप के इस पत्र की जवाब में विगत 24 जून 2025 को केंद्रीय परिवहन मंत्री



नितिन गडकरी ने बस्तर सांसद महेश कश्यप को पत्र लिखकर उपरोक्त कार्य की स्वीकृति के विषय में जानकारी दी।पत्र में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने लिखा कि मैंने इस मामले की जाँच करवाई तथा उक्त के संबंध में आपको अवगत कराया जाता है कि वर्तमान में यातायात घन्त्व एवं विकास को ध्यान में रखते हुए मेरे मंत्रालय द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में रष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक- 30 रायपुर-जगदलपुर मार्ग के कि.मी. 81.500 से 298.00 कुल 216.500 कि.मी. एवं जगदलपुर-सुकमा काँटा मार्ग के कि.मी. 14.200 से 184.800 कुल 170.600 कि.मी. को 4 लेन मय पेव्हड शोल्डर सहित विकसित करने हेतु डी.पी.आर. कार्य वार्षिक योजना वर्ष 2024-25 मे सम्मिलित कर स्वीकृति प्रदान की गयी है।केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने पत्र के माध्यम से बस्तर सांसद महेश कश्यप को आश्वास्त किया कि नियुक्त डी.पी.आर. कंसल्टेंट द्वारा सर्वे एवं डी.पी.आर. तैयार करने का कार्य प्रारंभ किया गया है। वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए डी.पी.आर. के परिणाम के आधार पर महाराणा प्रताप चौक पर फ्लाईओवर सहित उक्त मार्ग का उचित एलाइनमेंट तय करके शीघ्र ही कार्य स्वीकृत किया जाएगा।बस्तर सांसद महेश कश्यप ने केंद्रीय परिवार मंत्री नितिन गडकरी के प्रति आभार प्रकट किया है बस्तर सांसद महेश कश्यप का कहना है कि महाराणा प्रताप चौक में फ्लाई ओवर निर्माण से उक्त चौक में दुर्घटना में कमी आएगी और नगर में ट्रैफिक व्यवस्था भी बेहतर हो जाएगी। वहीं जगदलपुर सुकमा फोर लेन बनने से बस्तर विकास की एक नई गाथा लिखेगा और सुकमा जिले वासियों को परिवहन की बेहतर सुविधा मिल पाएगी।

## एक ही रात में अलग-अलग स्थानों पर दो लोगों ने की खुदकुशी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 1 जुलाई।** बीती रात शहर में दो लोगो ने अलग अलग जगहों पर अपने जीवन से तंग आकर फांसी के फंदे में खुलकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। कोतवाली में मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया गया है। घटना की जानकारी देते हुए दंतेवाड़ा थाना प्रभारी धनंजय सिन्हा ने जानकारी देते बताया कि पहली घटना दंतेवाड़ा जिले के ग्राम पातररास की है, जहाँ मूलतः बिहार का रहने वाला लालबाबू 27 वर्ष कई वर्षों से दंतेवाड़ा में रहकर टेट हाउस में गाड़ी चलाने का काम करता था, बीती रात भी अपने साथियों के साथ खाना खाने के बाद सोने के लिए सभी चले गए, जहाँ सुबह अचानक उनके साथ काम करने वाले साथियों ने उसे फंदे में लटका हुआ देख अन्य लोगों को मामले की जानकारी दी, जहाँ शव की पीएम के लिए भेजा गया।

वहीं दूसरी घटना कुम्हाररास कडती पारा की है, जहाँ दंतेवाड़ा जिले के ग्राम चंदेनार की रहने वाली श्यामबती कड़ती पिता चमरू राम कड़ती उम्र 23 वर्ष भी दंतेवाड़ा में रहकर मजदूरी का काम कर रही थी, बीती रात श्यामबती ने भी अज्ञात कारणों के चलते घर के कमरे में फाँसी लगाकर आत्महत्या कर ली, साथ काम करने वाले साथी ने उसे फंदे में लटका देख अन्य साथियों को जानकारी दी, जहाँ युवती के शव को पीएम के लिए भेज दिया गया, वही मामले की जांच की जा रही है। नगर में बढ़ते खुदकुशी के मामले ने सभी को चिंता में डाल।

## आपदा पीड़ित 4 परिवारों को 16 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

**जगदलपुर 1 जुलाई ।** कलेक्टर श्री हरिस एस. द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत् प्राकृतिक आपदा पीड़ित 04 परिवारों को 16 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके तहत् तहसील जगदलपुर ग्राम धनपुंजी निवासी अभिषेक की मृत्यु पानी में डूबने से माता श्री कंचन को, तहसील लोहण्डीगुड़ा ग्राम नेंगानार निवासी रमेश की मृत्यु बिजली गिरने से माता श्रीमती सोमड़ी भास्कर को, ग्राम आंजर निवासी मंगती की मृत्यु पानी में डूबने से पति भास्तेर को और तहसील बकावण्ड ग्राम मालगांव निवासी रत्ना नाग की मृत्यु बिजली गिरने से पति श्री थबीर नाग प्रत्येक को चार-चार लाख रूपए की सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। उक्त स्वीकृत सहायता राशि संबंधित हितग्राहियों के बैंक खाते में सीधे अंतरित किए जाने के निर्देश संबंधित तहसीलदारों को दिए गए हैं।

## सुनवाई के दौरान शासन ने माना डीजे पर कार्रवाई के लिए नहीं हैं कड़े प्रावधान

**बिलासपुर,1 जुलाई।** हाई कोर्ट में डीजे और साउंड बॉक्स के शोर से लोगों को होने वाली परेशानियों को लेकर जनहित याचिका पर सोमवार को सुनवाई हुई. इस दौरान राज्य शासन ने माना कि इस पर कड़ी कार्रवाई के लिए राज्य के कोलाहल नियंत्रण अधिनियम में संशोधन की जरूरत है, जिसके लिए विधानसभा में प्रक्रिया की जाएगी. कोर्ट ने प्रक्रिया करने के निर्देश देते हुए अगली सुनवाई 18 अगस्त तय की है। सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि कोलाहल अधिनियम में इतने कड़े प्रावधान है ही नहीं. एक या दो बार 500-1000 रुपए पेनाल्टी लगाकर छोड़ दिया जाता है. ना सामान की जब्ती होती है, और ना ही कोई कड़े नियम बनाए गए है. कोर्ट ने मामले में सरकार को कार्रवाई के संबंध में जवाब प्रस्तुत करने कहा है। बता दें कि मामले की पिछली सुनवाई के दौरान कोर्ट ने डीजे के साथ लेजर और बीम लाइट से होने वाली परेशानियों पर चिंता जताई थी. कोर्ट ने कहा कि डीजे से हार्ट को और लेजर लाइट से लोगों की आंखों को खतरा है. इसे रोकने के लिए राज्य सरकार को प्रयास करने चाहिए. सरकार की ओर से कहा गया कि डीजे और अन्य वाहन माउंटेड साउंड सिस्टम में लेजर लाइट पर पहले से ही रोक है. उल्लंघन पर जुर्माना लग रहा है. बार-बार उल्लंघन पर वाहन जब्त किए जा रहे हैं।

## पीएम सूर्यघर बिजली योजना से उपभोक्ताओं को दोहरा लाभ

**जगदलपुर, 1 जुलाई।** सौर ऊर्जा से किफायती बिजली पैदा कर घरों को रोशन करने और बिजली बिल में बड़ी राहत के उद्देश्य से पीएम सूर्यघर बिजली योजना में मिल रही भारी सब्सिडी से अब सोलर सिस्टम की लागत काफी कम हो गई है। पीएम सूर्यघर बिजली योजना के लिए केंद्र सरकार द्वारा दी जा रही सब्सिडी के साथ अब राज्य सरकार ने भी सब्सिडी दिए जाने का ऐलान कर दिया है। केंद्र सरकार द्वारा 78 हजार रुपए तक की सब्सिडी दी जा रही है। वहीं राज्य सरकार ने भी 30 हजार रुपए तक सब्सिडी प्रदान करने की घोषणा की है। इससे उपभोक्ताओं को दोहरा लाभ हो रहा है। एक ओर जहां बिजली बिल में राहत मिल रही है, वहीं सब्सिडी से सोलर सिस्टम लगाने की लागत भी काफी कम आ रही है। जगदलपुर धरमपुरा के रहने वाले श्रीमती गुणवती वर्मा ने अपने घर की छत पर पीएम सूर्यघर बिजली योजना से सोलर सिस्टम लगवाया है। उनके बेटे धीरज वर्मा ने बताया कि पहले उनका औसतन हर माह 1200 से 1500 रुपए तक बिजली बिल आता था। हर महीने इतना बिल परेशानी का कारण था। लेकिन जब से सोलर सिस्टम लगवाया है बिल काफी घट गया है। बीते महीने तो माइनस 1700 रुपए ही बिल आया है। मतलब सोलर प्लेट से पैदा बिजली से घर का काम भी चल गया और बची बिजली विद्युत विभाग के ग्रिड में ट्रांसफर करने से बिल में भी छूट मिली।

## सेवानिवृत्त 25 शासकीय सेवकों को कलेक्टर ने प्रदाय किया पेंशन प्राधिकार पत्र

**जगदलपुर, 1 जुलाई।** कलेक्टोरेट के आस्था कक्ष में सोमवार को आयोजित समारोह के अवसर पर जून माह में सेवानिवृत्त हुए 25 शासकीय सेवकों को कलेक्टर श्री हरिस एस ने पुष्पगुच्छ भेंट करने सहित शॉल-श्रीफल देकर सम्मानित किया और पेंशन प्राधिकार पत्र प्रदान किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि शासन की पहल से प्रत्येक माह सेवानिवृत्त हो रहे जिले के शासकीय सेवकों को उनकी शासकीय सेवा काल के अंतिम कार्य दिवस के समय पर ही पीपीओ जारी करने का सार्थक प्रयास लगातार किया जा रहा है। साथ ही सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को तत्काल जीपीएफ प्राधिकार पत्र भी प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है। कलेक्टर श्री हरिस ने शासकीय सेवा के लिए शासन की ओर से धन्यवाद देते हुए कहा कि पेंशन के लिए



किसी प्रकार की दिक्कत होने पर कार्यालय में आकर संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने पेंशन और अन्य स्वत्वों के भुगतान का समय पर निराकरण के लिए कोषालय और कोष-लेखा एवं पेंशन कार्यालय द्वारा कार्य करने के लिए बधाई दी। इस मौके पर उन्होंने सेवानिवृत्त हो रहे शासकीय सेवकों की स्वस्थ और सुखमय एवं मंगलमय जीवन की कामना की।इस अवसर पर वरिष्ठ कोषालय अधिकारी श्री संजय सोनवानी ने बताया कि अप्रैल माह में सेवानिवृत्त 25 शासकीय सेवकों को पेंशन प्राधिकार पत्र जारी की गई है। वहीं 09 सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को जीपीएफ प्राधिकार पत्र प्रदान किया गया है। इस अवसर पर सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों ने भी अपने अनुभव को साझा कर शासन-प्रशासन के द्वारा सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों के लिए सम्मान कार्यक्रम आयोजन को सराहनीय पहल निरूपित करते हुए आभार व्यक्त किए। कार्यक्रम में कोष-लेखा एवं पेंशन कार्यालय के डिप्टी डायरेक्टर भारती कोर्राम कश्यप तथा जिला कोषालय के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## नगरनार इस्पात संयंत्र में निकली भर्तियों में स्थानीय बेरोजगारों के साथ अन्याय:सुशील मौर्य

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 1 जुलाई।** शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुशील मौर्य ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर नगरनार इस्पात संयंत्र में निकली 900 से अधिक भर्तियों में स्थानीय बेरोजगारों के साथ अन्याय होने का आरोप लगाया है, सुशील ने दावा किया है कि इस्पात संयंत्र में निकली 900 से अधिक विभिन्न पदों पर भर्तियों में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता देने की बजाय आउटसोर्सिंग कर अन्य राज्यों के लोगों को रोजगार मुहैया कराया जा रहा है जो कि बस्तर के स्थानीय बेरोजगारों के साथ अन्याय है और बकायदा इसके लिए साक्षात्कार राजधानी रायपुर के एक रिसार्ट में रखा गया है जिसका नाम सुनकर ही बस्तर के गरीब युवा खुद ब खुद साक्षात्कार में ना जाएं और प्रबंधन आउटसोर्सिंग कर बाहरी लोगों को नौकरी में बैठा पाए और इस अन्याय को होता देख कर भी सांसद महेश कश्यप और विधायक किरण देव मुंह में दही जमाए बैठे हैं और ऐसा प्रतीत होता है कि एक तरह से बाहरी लोगों को रोजगार दिलाने का ठेका स्वयं स्थानीय सांसद और विधायक ले लिया



है।सुशील ने कहा एनएमडीसी/नगरनार इस्पात संयंत्र प्रबंधन बस्तर के बेरोजगार युवाओं के साथ कुठाराघात कर रहा है,बस्तर के बेरोजगार युवाओं का हक बाहरी लोगों की भर्ती कर डकारने का काम करने यह पूरा षड्यंत्र रचा गया है और डबल इंजन की भाजपा सरकार का इस षड्यंत्र में पर्दे के पीछे से पूरा समर्थन है।आज बस्तर की जनता के सामने बस्तर के बेरोजगार युवाओं के भविष्य को लेकर मोदी और विष्णु सरकार की कथनी और करनी में कितना अंतर है सामने आ गया है,चुनाव के दौरान अमित शाह से लेकर किरण देव तक नगरनार इस्पात संयंत्र में स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार देने दिलाने का झूठा आश्वासन देकर वोट तो बटोर लेते हैं और सत्ता में काबिज भी हो जाते हैं परंतु सरकार में आते ही बस्तर के बेरोजगार युवाओं के रोजगार का सौदा बाहरी लोगों से करने का कुकृत्य भी करने से बाज नहीं आते जिसके चलते आज बस्तर के युवा नगरनार इस्पात संयंत्र में निकली 900 से अधिक भर्तियों में अन्य राज्यों के बेरोजगारों को अपनी बेरोजगारी दूर करते तो राजधानी रायपुर में साक्षात्कार के दौरान देख पा रहे हैं परंतु खुद को छला हुआ भी महसूस कर रहे हैं।कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने सीधे तौर पर नगरनार इस्पात संयंत्र प्रबंधन को विज्ञप्ति के माध्यम से कहा है कि बस्तर के युवाओं को छलने की बजाय उन्हें उनका अधिकार देने प्रबंधन कार्य करे, साक्षात्कार को बस्तर संभाग मुख्यालय में आयोजित करे और आउटसोर्सिंग के माध्यम से बाहरी लोगों को रोजगार देना बंद करे अन्यथा भविष्य में कांग्रेस पार्टी के द्वारा किए जाने वाले भारी विरोध के लिए तैयार रहे।

## जिला पंचायत सीईओ ने योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की



**सुकमा,1 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला पंचायत सुकमा के सभाकक्ष में सोमवार को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन की ने महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक ली। बैठक में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा), प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) सहित अन्य योजनाओं के अंतर्गत निर्माण कार्यों और प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। साथ ही अन्य मदों से स्वीकृत निर्माण कार्यों की गति बढ़ाने और फील्ड निरीक्षण में सक्रियता बढ़ाने के निर्देश दिए गए।

बैठक में सीईओ श्रीमती जैन ने मनरेगा के तहत संचालित निर्माण कार्यों एवं नगद भुगतान की स्थिति की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित करने और मजदूरी भुगतान में किसी भी प्रकार की देरी न हो, इसके निर्देश दिए। साथ ही अन्य मदों से स्वीकृत निर्माण कार्यों की भी प्रगति का समीक्षा की।सीईओ श्रीमती जैन ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत लंबित और स्वीकृत आवासों की प्रगति की जानकारी लेते हुए उन्होंने लाभार्थियों को शीघ्र आवास पूर्ण कर हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने पर जोर दिया।उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत व्यक्तिगत शौचालय निर्माण और समुदायिक सफाई व्यवस्था की समीक्षा करते हुए लक्ष्य अनुरूप पूर्णता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सुकमा, कोन्टा एवं छिन्दगढ़, अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग सुकमा, कार्यक्रम अधिकारी (मनरेगा) जनपद पंचायत, उप अभियंता एवं तकनीकी सहायक (मनरेगा/प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण) और विकासखंड समन्वयक (प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण/स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण) उपस्थित थे।

## महिला आयोग की सदस्या शोरी ने सांसद प्रतिनिधि भदौरिया से की भेंट

**सुकमा,1 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सुकमा-



बस्तर लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अरुण सिंह भदौरिया से आज छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्या एवं भाजपा युवा मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष अधिवक्ता दीपिका शोरी ने उनके निज निवास पर सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर दोनों जनप्रतिनिधियों के मध्य क्षेत्रीय विकास, महिला सशक्तिकरण और संगठन को मजबूत बनाने को लेकर सकारात्मक एवं सार्थक चर्चा हुई।मुलाकात के दौरान आयोग की सदस्य दीपिका ने सुकमा सहित पूरे बस्तर लोकसभा क्षेत्र में महिलाओं के उत्थान एवं कल्याण हेतु चल रहे विभिन्न योजनाओं और प्रस्तावों पर विस्तार से जानकारी साझा की। उन्होंने महिला सुरक्षा, शिक्षा, स्वरोजगार तथा स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों पर अपनी प्राथमिकताएँ बताते हुए इन पर सांसद प्रतिनिधि भदौरिया से सहयोग और मार्गदर्शन का अनुरोध किया।अरुण सिंह भदौरिया ने सुश्री सोरी का आत्मीय स्वागत करते हुए क्षेत्र के सर्वांगीण विकास एवं संगठन की मजबूती के लिए निरंतर कार्य करते रहने का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में बस्तर सहित पूरे छत्तीसगढ़ में विकास की गंगा बहेगी और समाज के सभी वर्गों को इसका लाभ मिलेगा। अरुण सिँह भदौरिया ने महिला सशक्तिकरण को प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता जताई और हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।इस अवसर पर भाजपा के स्थानीय पदाधिकारी, कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे। मुलाकात सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई और दोनों नेताओं ने संगठनात्मक मजबूती के लिए संयुक्त प्रयास करने पर सहमति जताई। यह सौजन्य भेंट क्षेत्र में विकास और सामाजिक उत्थान की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखी जा रही है, जिससे आने वाले समय में सुकमा और बस्तर अंचल में सकारात्मक बदलाव की उम्मीद की जा रही है।

## विश्वास, विकास और सहयोग की मिसाल बना धरती आबा अभियान

**सुकमा,1 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सुकमा जिले में आदिवासी जनजीवन को सशक्त करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए 'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान' की शुरुआत गई है। इस अभियान का उद्देश्य जनजातीय समुदायों और दूरस्थ क्षेत्रों तक शासन की मूलभूत योजनाओं और सेवाओं को सीधे पहुंचाना है।अभियान के तहत सुकमा, छिंदगढ़ और कोंटा विकासखंड के गांवों में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जहां 17 विभागों की लगभग 25 योजनाओं के माध्यम से लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है। सोमवार को गादीरास पंचायत में धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत शिविर का आयोजन किया गया जिसमे आसपास के 12 पंचायतों के ग्रामीण उपस्थित हुए। इनमें जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड, स्वास्थ्य परीक्षण और शिक्षा संबंधी सहायता प्रमुख रूप से शामिल हैं।हितग्राहियों में उत्साह और विश्वास की लहर-धरती आबा अभियान के क्रियान्वयन से कई आदिवासी परिवारों को प्रत्यक्ष लाभ मिलने लगा है, जिससे समुदाय में आशा और विश्वास का संचार हुआ है। शिविरों में लोगों की सक्रिय भागीदारी और सकारात्मक प्रतिक्रिया प्रशासन के प्रयासों को बल दे रही है।

कलेक्टर कर रहे निगरानी- कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव स्वयं शिविरों की सतत मॉनिटरिंग कर रहे हैं और अधिकारियों से प्रत्यक्ष संवाद के माध्यम से अभियान की प्रगति की समीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया है कि छत्तीसगढ़ शासन के मंशानुसार समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक शासकीय योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के पहुँचे।धरती आबा अभियान इसी सोच का सशक्त माध्यम है। उन्होंने यह भी बताया कि भारत सरकार के निर्देश और राज्य शासन के मार्गदर्शन में यह अभियान सामाजिक समावेशन और विकास को साकार कर रहा है। जिला पंचायत सदस्य श्रीमति गीता कवासी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि धरती आबा अभियान न सिर्फ शासकीय योजनाओं को जमीन तक पहुंचा रहा है, बल्कि विश्वास, विकास और सहयोग की भावना को भी सुदृढ़ कर रहा है। यह पहल जिले को जनसरोकारों की दिशा में एक नई पहचान दे रही है। उनके साथ गादीरास सरपंच श्री इंगा ओयामी, बोड़को सरपंच श्री मुचाकी मल्ला भी उपस्थित थे।

## कन्नौजिया साहू समाज ने बोरियाखुर्द में किया नि:शुल्क लेखन पुस्तिका वितरण

**रायपुर, 1 जुलाई।** कन्नौजिया साहू समाज जन कल्याण समिति द्वारा भारत सरकार द्वारा लागू सर्व शिक्षा अभियान से प्रेरित होकर शासकीय हाई स्कूल, बोरियाखुर्द, रायपुर में लेखन पुस्तिका वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया।छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा निन्शुक्ल पाठ्यपुस्तक योजना के माध्यम से अध्ययनरत समस्त बालक बालिकाओं को निन्शुल्क पाठ्यपुस्तक उपलब्ध करवा कर उन्हें शाला जाने हेतु प्रेरित और प्रोत्साहित किया जाता है, इसी तर्ज पर समिति द्वारा अध्ययनरत 205 बालक बालिकाओं को लेखन पुस्तिका वितरित कर उन्हें शिक्षा हेतु प्रेरित करने का एक प्रयास किया गया।आये हुए उपस्थित जनों ने अपने बाल्यकाल के यादगार लम्हें अपने नवीनतम विचारों के साथ साझा किया साथ ही साथ कार्यक्रम के दौरान सभी सचिव महोदय द्वारा कागज बनने के प्रक्रिया को विस्तार से बताया गया जिससे उपस्थित शाला के छात्र-छात्राओं को पर्यावरण का बोध हो सकें।उपरोक्त कार्यक्रम में शाला की ओर से प्राचार्य, प्रधान पाठक एवं शिक्षा समिति अध्यक्ष राजेन्द्र साहू उपस्थित रहे ।

**एक नजर**

## कलेक्टर ने योजनाओं व कार्यक्रमों की समीक्षा की

**महासमुंद 1 जुलाई ।** कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक लेकर जिले के विभिन्न विभागों की योजनाओं और कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री एस आलोक, अपर कलेक्टर श्री रवि कुमार साहू एवं श्री रविराज ठाकुर एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक में कलेक्टर श्री लंगेह ने जिले में मुख्यमंत्री घोषणाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए कार्य एजेंसियों को समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी निर्माण एजेंसियों को त्वरित कार्य करने के निर्देश दिए हैं तथा प्रगति की नियमित रूप से जानकारी देने कहा गया। उन्होंने धरती आबा जनजाति उत्कर्ष अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए हितग्राहियों द्वारा किए गए पंजीयन का विभिन्न विभागों द्वारा 15 दिवस के भीतर निराकरण करने कहा गया है। उल्लेखनीय है कि जिले में कुल 32 शिविर लगाए गए थे। जिनमें 4347 हितग्राहियों का पंजीयन विभिन्न सेवाओं के लिए किया गया है।कलेक्टर ने ग्राम जोरातराई और धनसूली में बहुउद्देशीय केंद्र के निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश आदिवासी विकास विभाग को दिए गए।

## पिछली गर्मी का 3 हजार का बिजली बिल इस गर्मी में शून्य से नीचे

**रायगढ़, 1 जुलाई।** आमतौर पर गर्मियों में बिजली के बिल लोगों के लिए परेशानी का सबब होते हैं। लगातार कूलर पंखे एसी चलने से बिल कई गुना तक बढ़ जाते हैं और लोगों पर आर्थिक भार पड़ता है। पीएम सूर्यघर योजना ने इन भारी भरकम बिलों से राहत का रास्ता खोला है। घर पर रूफटॉप सोलर पैनल से उपभोक्ता अब ऊर्जा प्रदाता बन रहे हैं। यही नहीं गर्मियों में आने वाले हजारों के बिजली बिल अब घटकर शून्य से नीचे चले गए हैं। यह उपभोक्ताओं के लिए बड़ी राहत की बात साबित हो रही है।

रायगढ़ के कोड़ातराई में सतीश कुमार चौधरी ने अपने घर पर 3 किलोवॉट का सोलर पैनल लगवा रखा है। इसमें उन्हें 78 हजार रुपए सब्सिडी मिली थी। सतीश बताते हैं कि पहले गर्मियों के मौसम में उनका बिजली बिल 2.5 से 3 हजार तक आता था। उन्होंने बताया कि बिजली बिल में राहत की उम्मीद से उन्होंने पीएम सूर्यघर योजना का लाभ लेकर अपने घर की छत पर सोलर सिस्टम लगवाया। जिसका फायदा उन्हें तुरंत दिखना शुरू हो गया। पिछले साल 2024 में जो बिजली बिल अप्रैल माह में 2430 और मई में 3220 रूपये आया था। वो इस साल 2025 के अप्रैल और मई में घटकर शून्य से नीचे चला गया। इस अप्रैल में बिल माइनस 921 (-921) और मई में माइनस 1077 (-1077) आया। इस बिल का मतलब था कि घर पर लगे सोलर पैनल से इतनी बिजली बनी कि घर की आवश्यकता भी पूरी हुई और अतिरिक्त बिजली विद्युत विभाग को देकर उतना पैसा बिल से माइनस हो गया। जिसका उपयोग आगे फिर अपनी जरूरत के हिसाब से कर सकेंगे। सतीश चौधरी ने कहा कि किफायती बिजली पाने का यह कारगर उपाय है। उन्होंने दूसरों से भी योजना लाभ लेने की बात कही।उल्लेखनीय है कि पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर ऊर्जाक्रांति के लिए शुरू की गई महत्वपूर्ण योजना है। यह उपभोक्ताओं को ऊर्जा प्रदाता बनने का अवसर देती है। जिसमें अपनी घर की छत पर सोलर पैनल लगवाकर भारी भरकम बिजली बिल से छुटकारा पाया जा सकता है। यह हरित ऊर्जा को बढ़ावा देती है। केंद्र और राज्य सरकार दोनों से सब्सिडी मिलने के कारण अब सोलर पैनल लगवाना काफी आसान और किफायती हो गया है।

## शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला सिहाद मे मनाया शाला प्रवेशोत्सव



**अंवरी,1 जुलाई।** शास, प्रा, पाठ शाला व मध्य, पाठ शाला सिहाद मे शाला प्रवेश उत्सव नव प्रवेश बच्चों का तिलक लगाकर व मुंह मीठा कर किया गया। उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि श्री मति सरिता छत्रपाल बैस सरपंच ग्राम पंचायत सिहाद द्वारा पहली क्लास के 10 व छटवि क्लास के 15 बच्चों का तिलक लगाकर एवं गणवेष व पुस्तक वितरन प्रदान किया गया । एवं उक्त अवसर पर सभी बच्चों को न्योता भोज का आयोजन सरपंच के द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सरपंच श्री मति सरिता छत्रपाल बैस, श्री भेषज बैस उपसरपंच , श्री चम्मन लाल बैस शाला विकास समिति अध्ययक्ष, श्री मति सुनीता साहू ह्यश्चड्डस्न4ड्डष्द्ध, श्री छत्रपाल बैस सरपंच प्रतिनिधी, रोशन विश्वकरमा , सनमुख बैस, श्री मति खेमीन बाई तारक, ललिता साहू, गायत्री साहू, चुनेशवरी साहू ममता पटेल , यसवंतीन यादव, गायत्री साहू सहित सभी टीचर , श्री मति ललिता साहू प्रधान पाथीका मा, शाला, श्री मति पूर्णिमा साहू, श्री मति सूजीता मनहरे , श्री एम, एल, साहू, श्री धीरज दीवान, श्री नावले सर, श्री बी, एल, मनहरे सर उपस्थित थे।

## जिले में 187.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़, 1 जुलाई।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 30 जून तक 187.9 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 2.5 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 131.6 मिली मीटर, पुसौर में 199.1, खरसिया में 145.5, घरघोड़ा में 227.3, तमनार में 102.3, लैलूंगा में 190.6, मुकडेगा में 241.8, धरमजयगढ़ में 177.3, छाल में 165.1 एवं कापू में 298 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का मध्यस्थता के लिए विशेष अभियान 30 सितम्बर तक

**रायगढ़, 1 जुलाई।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (एनएएलएसए) और सुप्रीम कोर्ट की मध्यस्थता एवं सुलह परियोजना समिति (एमसीपीसी) लंबित मामलों के निपटारे के लिए 1 जुलाई से 90 दिनों का %राष्ट्र के लिए' मध्यस्थता अभियान चलाएंगे। अखिल भारतीय मध्यस्थता अभियान 30 सितंबर 2025 तक जारी रहेगा।

उल्लेखनीय है कि लंबित मामलों को निपटाने और लोगों को यह विश्वास दिलाने के लिए पूरे भारत में मध्यस्थता राष्ट्र के लिए अभियान शुरू किया जा रहा है कि विवाद समाधान के लिए एक तंत्र के रूप में मध्यस्थता लोगों के अनुकूल, लागत प्रभावी और त्वरित है, जिसमें रिश्तों, समय और धन की बचत करने की क्षमता है।अभियान का उद्देश्य तालुका अदालतों से लेकर उच्च न्यायालयों तक की अदालतों में लंबित उपयुक्त मामलों को



निपटाना और विवाद समाधान के लोगों के अनुकूल तरीके के रूप में देश के हर नुक्कड़ और कोने में मध्यस्थता ले जाना है। सीजेआई भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति सूर्यकांत, भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश और नालसा और एमसीपीसी के कार्यकारी अध्यक्ष के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण और एमसीपीसी द्वारा 90 दिनों के लंबे मध्यस्थता राष्ट्र के लिए अभियान की अवधारणा बनाई गई है। जिला न्यायाधीश जितेंद्र जैन ने कहा मध्यस्थता के लिए पात्र लंबित मामलों में दुर्घटना दावा, घरेलू हिंसा मामले, चेक बाउंस मामले, वाणिज्यिक विवाद मामले, सर्विस मेटर, आपराधिक समझौता योग्य मामले, उपभोक्ता विवाद मामले, ऋण वसूली मामले, विभाजन मामले, बेदखली मामले, भूमि अधिग्रहण मामले, अन्य उपयुक्त सिविल मामले, राजस्व प्रकरण शामिल हैं। मध्यस्थता का लाभ प्राप्त करने हेतु जिस न्यायालय में मामला लंबित हो, वहां प्रस्तुत कर सकते हैं। मध्यस्थता एक विधिक प्रक्रिया है, मध्यस्थता धारा 89 सिविल प्रक्रिया संहिता तथा छ.ग.राजपत्र असाधारण दिनांक 13 अगस्त 2007 में प्रकाशित मध्यस्थता नियम के अंतर्गत पूर्णतः विधिक प्रक्रिया है। मध्यस्थता के लिए प्रकरण न्यायालय द्वारा निर्देशित किया जा सकता है। प्रकरण के पक्षकार द्वारा संबंधित न्यायालय में आवेदन दिया जा सकता है। लोगों के लिए मध्यस्थता केन्द्र की स्थापना तहसील स्तर पर व्यवहार न्यायालय में, जिला स्तर पर जिला न्यायालय में एवं उच्च न्यायालय में किया जाता है। उन्होंने आगे कहा, विशेष अभियान का उद्देश्य सभी मौजूदा मध्यस्थों को शामिल करना है। एक नारा दिया गया है जैसे ना किसी की जीत, ना किसी की हार। यही है मध्यस्थता का आधार। अभियान में पक्षों की सुविधा के अनुसार सप्ताह के सभी 7 दिनों में मध्यस्थता निपटान प्रयास किए जाएंगे। विशेष अभियान की सफलता सुनिश्चित करने के लिए, मध्यस्थता प्रक्रिया ऑफलाइन, ऑनलाइन मोड में या मामलों को निपटाने के लिए हाइब्रिड विधि में हो सकती है।

# पंचायतों में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र का बेहतर तरीके से करें संचालन, ग्रामीण को मिले अधिक से अधिक लाभ:भीम सिंह

**रायगढ़, 1 जुलाई।** सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास श्री भीम सिंह की अध्यक्षता में आज जिला पंचायत के सभा कक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिसमें पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव उपस्थित रहे।

समीक्षा बैठक में मुख्य रूप से मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना, मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना, महतारी सदन निर्माण, छ.ग.राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण, यूपीआई टैक्स कलेक्शन एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की समीक्षा की गई। बैठक में सचिव श्री सिंह ने जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की



प्रगति पूरे प्रदेश में अव्वल होने पर बधाई देते हुए बेहतर कार्य प्रगति रखने हेतु प्रेरित किया। साथ ही यूपीआई के माध्यम से पंचायतों में डिजिटल टैक्स कलेक्शन के कार्यों की भी सराहना की। उन्होंने पंचायतों में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र के प्रभावी तरीके से संचालन के निर्देश दिए जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके।सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास श्री सिंह ने रायगढ़ जिले में अपने कार्यकाल के दौरान जिले के अंतिम छोर तक जनसंपर्क और कार्यों की चुनौती एवं उसके समाधान का जिक्र भी किया। बैठक में उप संचालक पंचायत श्री नीलाराम पटेल, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री महेश पटेल, कार्यपालन अभियंता मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना, जिले के सभी जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं जिला पंचायत के सभी योजना प्रभारी एवं अधिकारी उपस्थित थे।

### विभिन्न केन्द्रों का किया निरीक्षण

सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास श्री भीम सिंह ने आज प्रशिक्षण केन्द्रों एवं निर्माणाधीन स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने क्षेत्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास प्रशिक्षण केन्द्र का निरीक्षण करते हुए क्लासरूम, ट्रेनिंग हॉल का अवलोकन किया एवं ट्रेनिंग संबंधी जानकारी ली। उन्होंने प्रशिक्षण हेतु वीसी व्यवस्था के साथ ही बेहतर ट्रेनिंग हेतु व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। इसके साथ ही उन्होंने प्रशिक्षण केन्द्र में आवश्यकतानुसार लिस्ट बनाकर भेजने के निर्देश दिए, ताकि और बेहतर सुविधाएं मुहैय्या कराया जा सके।



## ओबीसी महासभा ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**दुर्ग।** ओबीसी महासभा दुर्ग ने ओबीसी वर्ग के संवैधानिक अधिकारों को लेकर 23 बिन्दुओं पर एसडीएम उत्तम ध्रुव को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में ओबीसी की वर्षों से लंबित राष्ट्रीय जनगणना जल्द किए जाने, निजी व शासकीय उपक्रमों में समानुपातिक प्रतिनिधित्व, छग में ओबीसी की लंबित 27त्र आरक्षण को जल्द लागू किए जाने, मंडल कमीशन लागू करने आदि मांग शामिल हैं। महिला मोर्चा ओबीसी महासभा छग की कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष खिलेश्वरी, महेश गौरव, जिला संरक्षक राजेंद्र परगनिहा, अधिवक्ता मुक्तानंद, राजेश आदि उपस्थित थे।

# स्कूल में ताला जड़कर सड़क पर बैठे बच्चे

## शिक्षकों के अभाव में नहीं हो पा रही है पढ़ाई




**बेमेतरा,1 जुलाई।** शिक्षक की मांग को लेकर छात्र-छात्राएं स्कूल में तालाबंदी का सड़क पर बैठे हैं. वहीं बीईओ और डीईओ खाद्य मंत्री दयालदास बघेल के बंगले पहुंचकर उनका जन्मदिन मना रहे हैं. पूरा मामला साजा विधानसभा के हायर सेकेंडरी स्कूल ग्राम खाती का है. बच्चों का कहना है कि स्कूल में विज्ञान, गणित, वाणिज्य विषय के शिक्षक ही नहीं है. ऐसी स्थिति में हम पढ़ाई कैसे करेंगे. शिक्षक की मांग को जल्द पूरी की जाए।

नई शिक्षा सत्र 2025-26 की शुरुआत हो गई है, लेकिन स्कूलों में टीचरों की कमी बनी हुई है. हालांकि शिक्षा विभाग जिला प्रशासन युक्तियुक्त करण कर पूरे जिले में शिक्षकों की व्यवस्था करने की बात कह रही है, लेकिन सच्चाई अब सामने आने लगा है. कुछ दिनों पहले ही शिक्षक की मांग को लेकर आत्मानंद स्कूल बेमेतरा के बच्चे भी कलेक्ट्रेट पहुंचे थे. अब यह जिले का दूसरा मामला है, जहां शिक्षक की कमी से बच्चों ने स्कूल में ही ताला जड़ दिया है.

## राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस पर भाजपा ने किया डॉक्टरों का सम्मान

**रायपुर,1 जुलाई।** राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस पर भाजपा रायपुर जिलाध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर जी के नेतृत्व में लाखेनगर मंडल ने प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ सुरेंद्र शुक्ला, डॉ रवि राठी, डॉ संदीप परिहार, डॉ लालवानी, डॉ जेपी विश्वकर्मा,सहित अन्य डॉक्टरों के हॉस्पिटल, क्लीनिक जाकर शाल श्रीफल पुष्प गुच्छ से सम्मान कियाजिलाध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर ने कहा कि हर साल एक जुलाई को नेशनल डॉक्टर्स डे राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस National Doctors Day) मनाया जाता है। ये दिन उन डॉक्टरों को समर्पित होता है जो हमारी सेहत का ध्यान रखते हैं। ये हमें नया जीवनदान देते हैं। साथ ही हमें बीमारियों से बचाने में मदद करते हैं। हल्का सा भी हम अगर बीमार पड़ते हैं तो तुरंत ही डॉक्टर के पास भागते हैं। यही कारण है की डॉक्टर को भगवान का रूप कहा जाता है।इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष अकबर अली लाखेनगर मंडल अध्यक्ष सचिन सिंघल की पूरी टोली पूर्व मंडल अध्यक्षद्वय श्री महेश शर्मा जी,श्री रामकिंकर सिंह जी,श्री विकास अग्रवाल जी,श्री रतिकांत साहू जी,श्री भूषन साहू जी,श्री रमेश पटले जी,श्री दिगम्बर चौधरी जी,श्री राजेश मिश्रा,श्री विकास सिंह ठाकुर,श्री लीलाध्वज ठाकुर जी उपस्थित हुए। डॉ सुरेंद्र शुक्ला जी को उनके सेवा भाव के लिए बहुत-बहुत साधुवाद एवं धन्यवाद दिए।

# कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं

**रायगढ़, 1 जुलाई।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने कलेक्टर चेम्बर-प्रतीक्षा कक्ष में जनदर्शन के माध्यम से जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए जनसामान्य से चर्चा करते हुए उनकी मांग समस्या एवं शिकायत सुनी। इस दौरान सहायक कलेक्टर श्री अक्षय दोशी, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती रेखा चंद्रा उपस्थित रही। उल्लेखनीय है कि प्रति मंगलवार को आयोजित होने वाला जनदर्शन कलेक्टर के निर्देश पर अब से हर सोमवार को दोपहर 12.30 बजे से आयोजित होगा।

जनदर्शन में आज महापल्ली निवासी श्री हेमसागर भोय पहुचे। उन्होंने वृद्धा पेंशन दिलवाने का आग्रह किया। इसी तरह रायगढ़ के जनकराम इन्द्रावार बी.पी.एल राशनकार्ड बनवाने की मांग को लेकर जनदर्शन में पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी 63 वर्षीय श्रीमती राधा सिंह के नाम से सामान्य राशनकार्ड बना हुआ है, जबकि 2011 के सर्वे सूची में आवेदक का नाम गरीबी रेखा में था। उन्होंने बताया कि उनके पास आय का कोई साधन नहीं हैं। उन्होंने बी.पी.एल कार्ड बनवाने हेतु आग्रह किया। राजीव गांधी नगर रायगढ़ निवासी श्री कुमार तीर्थ बुद्ध मेडिकल कॉलेज रायगढ़ में मनोरोग चिकित्सक पदस्थापना की मांग को लेकर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि मेडिकल कॉलेज रायगढ़ सह बाबा गुरूघासीदास स्मृति चिकित्सालय में मनोरोग चिकित्सक नहीं होने से मनोरोगियों एवं अध्यनरत चिकित्सक छात्र-छात्राओं को इलाज एवं अध्ययन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने अविलंब मनोरोग विशेषज्ञ नियुक्त करने हेतु आग्रह किया।गांधीगंज रायगढ़ निवासी रमेश कुमार अग्रवाल अतिक्रमण हटाने की शिकायत लेकर पहुंचे थे।

# युक्तियुक्तकरण से स्कूलों में फिर से सुनाई दे रही हिंदी-अंग्रेजी के पाठ और गणित के सवालों की गूंज

**रायगढ़, 1 जुलाई।** युक्तियुक्तकरण से कई स्कूलों में रौनक लौट आई है। ऐसे स्कूल जिनमें बच्चे तो थे लेकिन पढ़ाने वाले शिक्षक के अभाव में कक्षाएं सूनी हो चुकी थी, वहां युक्तियुक्तकरण के बाद अब फिर से हिंदी के पाठ, अंग्रेजी के लेसन और गणित के सवालों की गूंज है।

लैलूंगा के पाकरगांव में प्राथमिक शाला है। यह 4 सालों तक एकल शिक्षकीय स्कूल रहा। उसके बात पिछले दो सालों में यहां के शिक्षक के अन्यत्र पदस्थापना से स्कूल शिक्षक विहीन हो चला था। यहां के बच्चों की पढ़ाई पर बुरा असर पड़ रहा था। पालकों में भी अपने बच्चों के भविष्य को लेकर चिंता थी।मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने नेतृत्व में सरकार द्वारा किए स्कूली शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के बाद



पाकरगांव के प्राथमिक शाला की तस्वीर भी बदल चुकी है। अब तक शिक्षक विहीन रहे इस स्कूल में युक्तियुक्तकरण के बाद दो शिक्षकों की पदस्थापना हो चुकी है। शिक्षकों के यहां आने से कक्षाएं फिर से नियमित रूप से लग रहे हैं। यहां अब अक्षरज्ञान से लेकर हिंदी के पाठ पढ़े जा रहे हैं। इंग्लिश वर्ड्स के उच्चारण और अर्थ सीखने के साथ अंग्रेजी के लेसन समझे जा रहे हैं। पहाड़ों के साथ गणित के सवाल सुलझाए जा रहे हैं। बच्चों के साथ साथ पालकों में भी उत्साह है।शाला प्रबंधन समिति भी युक्तियुक्तकरण के कदम से काफी हर्षित है। पाकरगांव प्राथमिक शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्री त्रिनाथ सतपथी कहते हैं कि उनके गांव का स्कूल अब फिर से यहां के बच्चों के लिए ज्ञान अर्जन का केंद्र बन गया है। उन्होंने बताया कि सरकार के युक्तियुक्तकरण के निर्णय ने हमारे गांव के स्कूल को दो शिक्षक मिले हैं। अब यहां अच्छे से पढ़ाई-लिखाई हो रही है। गांव में इसको लेकर काफी खुशी है। उन्होंने युक्तियुक्तकरण के पहल के लिए सभी पालकों और गांव वालों की ओर से मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार जताया।

# बिहार चुनाव के लिए पर्यवेक्षक बनाए गए पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर

**महासमुंद।** ऑल इंडिया कॉंग्रेस कमेटी की ओर से बिहार चुनाव के लिए 58 पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है। जिसमें पूर्व संसदीय सचिव छ.ग. शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर सहित छत्तीसगढ़ के 4 वरिष्ठ नेताओं को भी शामिल किया गया है। प्रदेश से श्री चंद्राकर सहित पूर्व मंत्री अमरजीत भगत, बिलासपुर के पूर्व विधायक शैलेश पांडेय, वरिष्ठ नेता भुवनेश्वर बघेल को एआईसीसी द्वारा बिहार चुनाव के लिए पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी दी गई है। बिहार चुनाव में संगठन की जीत के लिए ये सभी पर्यवेक्षक अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों में जिला से बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे तथा पार्टी की जीत सुनिश्चित करने सभी को एकजुट करेंगे। पर्यवेक्षक बनाए जाने पर पूर्व संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने कहा कि बिहार चुनाव में कांग्रेस इस बार भी महागठबंधन का हिस्सा है, ऐसे में पार्टी को मजबूत करने देश भर से 58 अनुभवी व वरिष्ठ नेताओं को पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही बिहार दौरे पर जाएंगे तथा अपने-अपने क्षेत्रों में संगठनात्मक समीक्षा शुरू कर पार्टी कार्यकर्ताओं की मेहनत व लगन से कांग्रेस को न केवल स्थानीय स्तर पर मजबूत करेंगे, बल्कि महागठबंधन की साझा रणनीति को धरातल पर उतारेंगे।

## मल्टी परपज एआई तकनीशियन प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित

**जगदलपुर, 1 जुलाई।** कार्यालय संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा विभाग जगदलपुर द्वारा जिले के मैदानी स्तर पर गौवंशीय पशुओं के कृत्रिम गर्भाधान सहित पालतू मवेशियों के टीकाकरण एवं उपचार में सहायता हेतु मल्टी परपज एआई तकनीशियन कार्यकर्ता प्रशिक्षण के लिए 10 वीं उत्तीर्ण इच्छुक युवाओं से आगामी 15 जुलाई 2025 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। आवेदकों की आयु 18 वर्ष से अधिक होना आवश्यक है, साथ ही उन्हें बस्तर जिले का मूल निवासी होना अनिवार्य है। मल्टी परपज एआई तकनीशियन कार्यकर्ता का आवासीय गहन प्रशिक्षण वेटनरी पॉलीटेक्निक जगदलपुर में एक माह तक प्रदान किया जाएगा। इसके पश्चात जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर दो महीने का प्रेक्टिकल प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस बारे में संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा विभाग जगदलपुर डॉ. देवेन्द्र नेताम ने बताया कि जिले में पशुपालकों एवं किसानों के पालतू मवेशियों के टीकाकरण एवं उपचार सहित गौवंशीय पशुओं के कृत्रिम गर्भाधान कार्य के लिए स्वरोजगारी के रूप में सेवा देने के इच्छुक युवाओं को मल्टी परपज एआई तकनीशियन कार्यकर्ता का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

## शिक्षकविहीन स्कूलों को मिले स्थायी शिक्षक

**महासमुंद।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की मंशा के अनुरूप प्रदेश के हर स्कूल में पर्याप्त शिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में शिक्षा विभाग द्वारा युक्तियुक्तकरण नीति को सफलतापूर्वक लागू किया गया है। शासन के निर्देशानुसार शिक्षकों का समायोजन (काउंसलिंग प्रक्रिया के माध्यम से) करके उन्हें उन स्कूलों में भेजा गया जहां उनकी सबसे अधिक आवश्यकता थी। महासमुंद जिले में इस नीति के प्रभावी क्रियान्वयन से वर्षों से शिक्षकों की कमी से जूझ रहे कई स्कूलों में अब स्थायी शिक्षकों की पदस्थापना की गई है। इससे न केवल छात्र-छात्राओं को उचित मार्गदर्शन और विषय विशेषज्ञता का लाभ मिलेगा, बल्कि अभिभावकों में भी संतोष और विश्वास की भावना उत्पन्न हुई है।शासन के निर्देशानुसार जिले में विद्यालयों का युक्तियुक्तकरण करते हुए अतिशेष शिक्षकों का समायोजन उन स्कूलों में किया गया, जहां विषयवार शिक्षकों की अत्यंत आवश्यकता थी। इस काउंसलिंग प्रक्रिया के माध्यम से बसना विकासखंड में 126, सरायपाली में 152, पिथौरा में 139, महासमुंद में 211 और बागबाहरा में 75, इस प्रकार कुल 703 शिक्षकों का नियमानुसार समायोजन किया गया।

# विधायक के वादे पर ऐतबार लेकिन शराब दुकान बंद होने का आदेश जारी होने तक दिया जाएगा धरना

**रायपुर ।** ग्राम खौली में शराब दूकान खोलने के इच्छुकों से शासन द्वारा निविदा आमंत्रित करने के चलते बीते 25 जून से धरना - प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक गुरु खुशवंत सिंह द्वारा शराब दूकान न खुलने देने के कथित वादे के बाद आज ग्रामीणो की बैठक में वादे पर ऐतबार तो किया? गया लेकिन बतौर ऐहतियात प्रशासनिक आदेश जारी होने तक धरना को जारी रखने का निर्णय लिया । प्रतिनिधि मंडल व श्री गुरु के बीच हुयी चर्चा व किये गये वादे की जानकारी श्री गुरु के प्रतिनिधि के तौर पर पहुंचे पूर्व क्षेत्रीय जनपद सदस्य संजय शर्मा ने धरना में बैठे ग्रामीणों को दी ।

ज्ञातव्य हो कि बीते मार्च माह में ही खौली में शराब दूकान खोलने के प्रयास की जानकारी मिलने के साथ ही ग्रामीणों ने एक दिनी धरना - प्रदर्शन का आयोजन कर अपना विरोध दर्ज कराया था । इस आयोजन में शिरकत करने आये क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों में से एक शराब विरोधी मुहिम में जुटे किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेंद्र शर्मा ने शराब दूकान खोलने पंचायत द्वारा प्रस्ताव दिये जाने का रहस्योद्घाटन कर माहौल को गर्म कर दिया था जिसका पंचों द्वारा विरोध भी किया गया। इससे गर्म हुये माहौल के ?बीच ही सरपंच द्वारा प्रस्ताव देने की जानकारी देते हुये बतलाया गया कि मंदिर हसौद तहसीलदार द्वारा अपने कार्यालय में उसके सहित पंचायत सचिव व कम्युनिस्ट आपरेटर को अपने कार्यालय में बुला जबरिया प्रस्ताव लिखवाया गया है जिसकी जानकारी पंचों को नहीं है। इस पर इसकी लिखित शिकायत शासन - प्रशासन के उच्च अधिकारियों से करने का आग्रह किया गया जो मिली जानकारी के अनुसार नहीं किया गया है । इधर इसके बाद क्षेत्रीय विधायक से मिलने गये प्रतिनिधि मंडल द्वारा कथित रूप से आश्वासन मिल जाने की जानकारी दिये जाने से संतुष्ट ग्रामीणों ने आंदोलनात्मक रुख न अपनाने का निर्णय ले लिया । इसी जुलाई माह में खौली में शराब दूकान खोलने के लिये जगह उपलब्ध कराने के इच्छुक ग्रामीणों से निविदा आमंत्रित किये जाने से आक्रोशित ग्रामीणों ने बीते 25 जून से पुनः धरना -प्रदर्शन शुरू कर दिया जिसे नजदीकी ग्रामों के जनप्रतिनिधियों सहित प्रबुद्ध व जागरूक ग्रामीणों का समर्थन दिनोंदिन बढ़ रहा था । इधर इस आयोजन से जुड़े सूत्रों के अनुसार शराब विरोधी मुहिम में सक्रिय नजदीकी ग्राम टेकारी निवासी श्री शर्मा ने जबरिया प्रस्ताव के विरुद्ध शिकायत न किये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये धरना में शिरकत न कर नैतिक समर्थन देते हुये ग्रामवासियों से एकजुटता दिखा जगह देने निविदा न डालने व? पंचायत द्वारा जगह उपलब्ध न कराने पर किसी भी हालत में प्रशासन द्वारा शराब दूकान न? खोल पाने की ओर आगाह करते हुये ग्राम की शासकीय भूमि पर प्रशासन द्वारा जबरिया शराब दूकान खोलने की स्थिति में आंदोलनात्मक रुख अपनाने के साथ - साथ ऐसे करने वाले अधिकारी के खिलाफ उसके व्यक्तिगत नाम से उच्च न्यायालय में याचिका दायर करने की सलाह दी है । इधर जानकारी के अनुसार बीते कल धरनास्थल पहुंचे ?पूर्व क्षेत्रीय जनपद सदस्य के सुझाव पर आज सोमवार को ग्रामीणों के एक प्रतिनिधिमंडल ने श्री गुरु से मुलाकात की जिन्होंने किसी भी कीमत पर खौली में शराब दूकान न खुलने देने का अपना पूर्ववर्ती वादा को? दुहराने के साथ - साथ ग्राम पंचायत से कथित शराब दूकान खोलने संबंधी पारित प्रस्ताव को निरस्त करने का प्रस्ताव अविलंब पारित कर जिलाधीश व अनुविभागीय अधिकारी को? देने का निर्देश दिया । साथ ही अवैध शराब विक्रेताओं तथा आबकारी व पुलिस प्रशासन के मैदानी अमला के बीच सांठगांठ होने से अवैध शराब बिक्री न? थमने की शिकायत पर ग्रामीण व्यवस्था के तहत अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने व सहयोग का आश्वासन दिया । इधर क्षेत्र के प्रबुद्ध व जागरूक नागरिकों का? कहना है कि शासन शराब दूकान खोलने के आदेश को निरस्त करता है अथवा ग्रामीण फरमान के चलते निविदा न डालने के कारण खौली में शराब दूकान नहीं खुलता यह देखना दिलचस्प होगा। इधर ग्रामीणों की बैठक में शराब दूकान खोलने के ?आदेश के निरस्तीकरण आदेश जारी होने के ?बाद श्री गुरु का नागरिक अभिनंदन करने का निर्णय लिया गया ।

## एक नजर

### मुक्केबाज हितेश, सचिन और मीनाक्षी की जीत से शुरुआत, सर्वसम्मत फैसले में हासिल की जीत



**नई दिल्ली, 1 जुलाई (एजेंसी)।** इस साल की शुरुआत में विश्व मुक्केबाजी कप के ब्राजील चरण में स्वर्ण जीतने वाले हितेश ने बीलाइन एरिना में लाइट मिडिलवेट वर्ग में चीनी ताइपे के कान चिया-वेई को 5-0 से मात दी। भारतीय मुक्केबाज हितेश, सचिन सिवाच और मीनाक्षी ने सोमवार को विश्व मुक्केबाजी कप में जीत के साथ शुरुआत की। पुरुष वर्ग में हितेश और सचिन ने दमदार प्रदर्शन करते हुए सर्वसम्मत फैसले से जीत हासिल की। इस साल की शुरुआत में विश्व मुक्केबाजी कप के ब्राजील चरण में स्वर्ण जीतने वाले हितेश ने बीलाइन एरिना में लाइट मिडिलवेट वर्ग में चीनी ताइपे के कान चिया-वेई को 5-0 से मात दी। ब्राजील में कांस्य पदक विजेता सचिन ने लाइटवेट वर्ग में कनाडा के अल-अहमदीह कियोमा-अली पर 5-0 की प्रभावशाली जीत दर्ज की। महिलाओं में मीनाक्षी ने लाइट फ्लाईवेट वर्ग में ऑस्ट्रेलिया की मैडेलीन बोवेन पर 5-0 की एकतरफा जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की, जबकि मुस्कान ने मिडिलवेट वर्ग के रोमांचक मुकाबले में इंग्लैंड की केरी डेविस को 3-2 से हराया। भारत ने ब्राजील में पिछले विश्व मुक्केबाजी कप लेग में छह पदक जीते थे।


# विम्बलडन 2025: पहले दौर में ही संघर्ष करते नजर आए अल्कराज



**लंदन. 1 जुलाई (एजेंसी)।** गत दो बार के चैंपियन कार्लोस अल्काराज को विम्बलडन के पहले दौर के मुकाबले में 38 बरस के फेबियो फोगनिनी को हराने में काफी मशक्कत करनी पड़ी और यह मुकाबला पांच सेटों तक खिंचा. स्पेन के 22 वर्ष के अल्काराज ने आखिर में साढ़े चार घंटे तक चला मुकाबला 7-5, 6-7 (5), 7-5, 2-6, 6-1 से जीता. जीत के बाद उन्होंने कहा, 'मुझे समझ में नहीं आ रहा कि यह उनका आखिरी विम्बलडन क्यों है. जिस तरह से वह खेल रहे थे, मुझे लगा कि वह तीन चार साल और खेल सकते हैं.' विम्बलडन साल का तीसरा और सबसे प्रतिष्ठित टेनिस टूर्नामेंट माना जाता है. विम्बलडन में इस साल लगभग 610.22 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड प्राइज मनी होगी. इस बार प्राइज मनी में 7.1 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई है. पुरुष और महिला एकल चैंपियन को लगभग 35.20 करोड़ रुपये की ईनामी राशि मिलेगी.

### सबालेंका की वर्ल्ड नंबर-1 रहते 50वीं जीत

दुनिया की नंबर-1 महिला टेनिस खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने टूर्नामेंट में बेहतरीन जीत के साथ आगाज किया। ?खिताब की दावेदार के रूप में ग्रास कोर्ट पर उतरीं सबालेंका ने पहले राउंड में कनाडा की कार्सन ब्रेंस्टीन को लगातार सेट में 6-1, 7-5 से शिकस्त दी। यह सबालेंका की वर्ल्ड नंबर-1 रहते हुए विमेंस टेनिस एसोसिएशन में 50वीं जीत रही। वे ऐसा करने वाली 9वीं खिलाड़ी बनीं। उनसे पहले, हिंगिस, सेरेना, डेवनपोर्ट, जस्टिन हेनिन, वोज्नियाकी, अजारेंका, बार्टी और स्वातेक ने ऐसा कर चुकी है।



**डेनियल मेदवेदेव और 8वीं सीड होल्गर रून पहले राउंड में उलटफेर का शिकार हुए :** डेनियल मेदवेदेव और टूर्नामेंट के 8वीं सीड होल्गर रून पहले राउंड में उलटफेर का शिकार हुए। रून को निकोलस जैरी ने 4-6, 4-6, 7-5, 6-3, 6-4 और मेदवेदेव को बेंजामिन बोंजी ने 7-6, 3-6, 7-6, 6-2 से हराया।

# दूसरे टेस्ट में टीम इंडिया में हो सकते हैं तीन बदलाव

## जसप्रीत बुमराह को दिया जा सकता है आराम

**बर्मिंघम, 1 जुलाई (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला बुधवार यानी 2 जुलाई से बर्मिंघम के एजबेस्टन क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जाना है. भारतीय टीम फिलहाल पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में 0-1 से पीछे है, ऐसे में उसके लिए यह मुकाबला महत्वपूर्ण है. वैसे भी शुभमन गिल की अगुवाई वाली भारतीय टीम यह मुकाबला जीतती है तो वो इतिहास रच देगी. भारतीय टीम ने इंग्लैंड के खिलाफइस मैदान पर जो 8 टेस्ट मैच खेले हैं, उसमें 7 में टीम को हार का सामना करना पड़ा, जबकि एक मैच ड्रॉ रहा. यानी भारतीय टीम को एजबेस्टन में एजबेस्टन टेस्ट मैच में भारतीय टीम किस कॉम्बिनेशन के साथ मैदान पर उतरेगी, इस पर सबकी निगाहें हैं. इस मुकाबले में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के खेलने की संभावना बेहद कम है. बुमराह को वर्कलोड मैनेजमेंट के तहत आराम दिया जा सकता है. हेड कोच गौतम गंभीर पहले ही साफकर चुके थे कि यह स्टार तेज गेंदबाज इंग्लैंड दौरे पर सिर्फ3 टेस्ट मैच खेलेगा. बुमराह एक टेस्ट मैच तो खेल चुके हैं, अब वो बाकी के चार में से सिर्फ2 मुकाबले में खेलते नजर आएंगे.

जसप्रीत बुमराह के बाहर होने पर एजबेस्टन टेस्ट मैच में भारतीय टीम




अर्शदीप सिंह को मौका दे सकती है. अर्शदीप सिंह बाएं हाथ के तेज गेंदबाज हैं और उनके खेलने से बॉलिंग अटैक में नयापन देखने को मिलेगा. अर्शदीप ने भारतीय टीम के लिए व्हाइट बॉल क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन किया है और अब वो टेस्ट क्रिकेट में भी डेब्यू के लिए पूरी तैयार है।

इसके अलावा भी भारतीय टीम की प्लेइंग-11 में 2 और बदलाव हो सकते हैं. साई सुदर्शन और शार्दुल ठाकुर को भी इस मुकाबले से बाहर बैठना पड़ सकता है. सुदर्शन ने लीड्स के हेडिंग्ले क्रिकेट ग्राउंड पर अपना टेस्ट डेब्यू किया था, लेकिन वो तीसरे नंबर पर बैटिंग करते हुए दोनों पारियों में नाकाम रहे थे. पहली पारी में वो 0 और दूसरी इनिंग्स में 30 रन बनाकर विपक्षी कप्तान बेन स्टोक्स का शिकार बने. साई सुदर्शन को लीड्स टेस्ट मैच के आखिरी दिन कंधे में चोट भी लग गई थी, जिसके कारण उनकी फिटनेस भी सवालों के घेरे में है. शार्दुल ठाकुर की बात करें तो उनपर कप्तान शुभमन गिल ने काफी कम भरोसा दिखाया था और लीड्स टेस्ट मैच में केवल 16 ओवर कराए. शार्दुल इस दौरान काफी महंगे साबित हुए और 89 रन खर्च किए. शार्दुल का बल्ले से भी प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था और वो दोनों पारियों को मिलाकर कुल 5 रन बना सके थे. अब साई सुदर्शन की जगह एजबेस्टन टेस्ट मैच में नीतीश कुमार रेड्डी को मौका मिल सकता है, जबकि चाइनामैन कुलदीप यादव की एंट्री शार्दुल ठाकुर के स्थान पर हो सकती है. नीतीश कुमार रेड्डी यदि प्लेइंग-11 में शामिल होते हैं तो वो छठे नंबर पर बैटिंग कर सकते हैं. जबकि लीड्स टेस्ट मैच में नंबर-6 पर बैटिंग करने वाल करुण नायर को नंबर-3 पर प्रमोट किया जा सकता है. नीतीश सीम गेंदबाजी भी कर सकते हैं, जो इंग्लिश कंडीशन्स में काफी मायने रखता है.

# एमएस धोनी ने 'कैप्टन कूल' उपनाम को कराया ट्रेडमार्क

**नई दिल्ली, 1 जुलाई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने 'कैप्टन कूल' उपनाम के लिए ट्रेडमार्क आवेदन दायर किया है. मैदान पर उनके शांत व्यवहार के कारण लोग उन्हें इस नाम से बुलाते हैं. ट्रेडमार्क पंजीकरण पोर्टल के अनुसार, आवेदन की स्थिति 'स्वीकृत और विज्ञापित' है. इसे 16 जून को आधिकारिक ट्रेडमार्क जर्नल में प्रकाशित किया गया था. आवेदन पांच जून को दायर किया गया था. प्रस्तावित ट्रेडमार्क खेल प्रशिक्षण, खेल प्रशिक्षण सुविधाएं, खेल कोचिंग और सेवाएं देने की श्रेणी के तहत पंजीकृत है. बता दें कि धोनी के अलावा दूसरे खिलाड़ियों ने भी अपने खास अंदाज या उपनाम को ट्रेडमार्क कराने का काम किया है.

बास्केटबॉल खिलाड़ी माइकल जॉर्डन ने अपने मशहूर 'जंपमैन' लोगो का ट्रेडमार्क कराया, जिसमें दिखाया गया है कि वह हवा में कूदकर गेंद को बास्केटगोल में डालने वाले हैं. माइकल जॉर्डन के इसी पोज वाले लोगो का इस्तेमाल नाइक कंपनी अपने एयर जॉर्डन वाले




जूतों में भी करती है. दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी रोनाल्डो ने CRl का ट्रेडमार्क कराया है. CRl, यह एक ऐसा ब्रांड है जो कपड़ों, सुगंधों और आतिथ्य सहित कई क्षेत्रों में फैला हुआ है. उसैन बोल्ट ने अपने लाइटनिंग बोल्ट पोज़ का ट्रेडमार्क कराया है. बोल्ट का यह प्रसिद्ध पोज़ है. जिसमें वो अपने अपने हाथों को ऊपर उठाकर अपने रेस को पूरा करने का जश्न मनाते हैं.बोल्ट का यह पोज एक ट्रेडमार्क बन गया था. भारत के दिग्गज विराट कोहली ने अपने नाम और 'VK' लोगो को ट्रेडमार्क के रूप में पंजीकृत कराया हुआ है निस क्वीन सेरेना ने अपने नाम और लोगो पर ट्रेडमार्क कराया है. , जिससे फैशन और व्यवसाय में उनके उद्यमों को बढ़ावा मिलता है. भारत के महान खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर ने 'मास्टर ब्लास्टर' उपनाम को ट्रेडमार्क के रूप में पंजीकृत कराया है. तेंदुलकर को 'मास्टर ब्लास्टर' का निकनेम दिया गया था. आज भी फैन्स तेंदुलकर को उनके निकनेम 'मास्टर ब्लास्टर' कहकर पुकारते हैं. रोहित शर्मा ने अपने निकनेम 'हिटमैन' उपनाम को ट्रेडमार्क के रूप में पंजीकृत कराया है. रोहित को हिट मैन के निकनेम के साथ फैन्स बुलाते हैं.

# भारत के आयुष ने यूएस ओपन का खिताब जीता

## आयुष का पहला बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर टाइटल, तन्वी को फाइनल में मिली हार

**नई दिल्ली, 1 जुलाई (एजेंसी)।** भारत के उभरते बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी ने यूएस ओपन सुपर 300 के पुरुष एकल फाइनल में कनाडा के ब्रायन यांग पर सीधे गेम में जीत के साथ अपना पहला बीडब्ल्यूएफविश्व टूर खिताब जीत लिया है। इसके साथ ही इस सत्र में भारत का खिताबी सूखा खत्म हुआ। 2023 जूनियर विश्व चैंपियनशिप के कांस्य विजेता 20 वर्षीय आयुष ने रविवार को तीसरी वरीयता प्राप्त यांग को 47 मिनट में 21-18, 21-13 से हरा दिया। वहीं, महिला एकल फाइनल में 16 वर्षीय तन्वी शर्मा शीर्ष वरीय अमेरिका की बेवेन झांग से तीन गेम तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में हारकर उप विजेता रहीं। अपना पहला विश्व टूर फाइनल खेल रहीं गैरवरीय तन्वी को 46 मिनट में 11-21, 21-16, 10-21 से हार का सामना करना पड़ा। आयुष की यांग पर यह तीसरी जीत रही। उन्होंने इस साल के शुरू में मलयेशिया ओपन और ताइपे ओपन में उन्हें हराया था। आयुष ने इस पूरे हफ्ते में



प्रभावशाली प्रदर्शन किया। उन्होंने सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त चाउ टिएन चेन के खिलाफ पिछड़ने के बाद जीत हासिल की थी। पुरुष एकल फाइनल की शुरुआत में स्कोर 6-6 से बराबर रहा था, लेकिन चौथी वरीयता प्राप्त आयुष ने कई विनर्स लगाकर मिड तक याग पर 11-6 की बढ़त बना ली।यांग ने अंतर को 13-11 तक कम कर दिया और 16-16 से बराबरी हासिल कर ली, लेकिन आयुष ने अच्छी तरह से लगाए गए शॉट्स के साथ नियंत्रण हासिल कर लिया और निर्णायक जंप स्मैश के साथ शुरुआती गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में भारत के स्टार शटलर ने 7-2 की बढ़त बना ली, लेकिन यांग ने कुछ समय बाद स्कोर फिर से बराबर कर जिया। हालांकि, भारतीय खिलाड़ी ने संयम बनाए रखा और अटैक-डिफेंस का सही तरीके से उपयोग करते हुए अपने प्रतिद्वंद्वी को मैच से दूर रखा। 17-12 से आगे होने के बाद आयुष ने क्रॉस-कोर्ट पंच के साथ मैच को लगभग समाप्त कर दिया। इसके बाद एक और शक्तिशाली स्मैश से अपना पहला वर्ल्ड टूर खिताब जीत लिया। आयुष 2023 बहरीन इंटरनेशनल और 2024 डच ओपन में फाइनल में जगह बनाने के अलावा 2023 ओडिशा मास्टर्स सुपर 100 टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचे थे।

## व्यापार

### बीइंग ह्यूमन क्लोथिंग बना ऑक्सफोर्ड इंडिया फोरम 2025 का मुख्य प्रायोजक



**रायपुर, 1 जुलाई।** बीइंग ह्यूमन क्लोदिंग ने ऑक्सफोर्ड इंडिया फोरम 2025 में हेडलाइन स्पॉन्सर के रूप में भाग लेकर भारत की वैश्विक पहचान को आकार देने की दिशा में एक सार्थक पहल की। यह फोरम ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा आयोजित सबसे प्रतिष्ठित सम्मेलनों में से एक है, जिसमें भारत की बदलती वैश्विक छवि पर संवाद हुआ ड्ड और जिसकी मूल भावना में कर्तव्यबोध, करुणा और सामाजिक प्रभाव की भावना निहित रही। बीइंग ह्यूमन क्लोदिंग के कार्यकारी निदेशक अयान अग्निहोत्री ने इस अवसर पर कहा: फ्रइस मंच का समर्थन करना हमारे लिए गर्व की बात रही, जहाँ भारत के भविष्य को आकार देने वाले प्रभावशाली विचार सामने आए। बीइंग ह्यूमन में हमारा विश्वास है कि परिवर्तन की शुरुआत ज्ञान, सहानुभूति और संवाद से होती है ड्ड और यही मूल्य इस फोरम की आत्मा में समाहित हैं। सबसे प्रेरणादायक रहा वक्ताओं की विविधता और उनकी प्रतिबद्धता, जिन्होंने भारत की चुनौतियों और अवसरों को गहराई से समझा।

# उतार-चढ़ाव के बाद बढ़त के साथ बंद हुआ शेयर बाजार


### सेंसेक्स 90 अंक चढ़ा निफ्टी 25500 के पार

**नई दिल्ली, 1 जुलाई।** रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में बढ़त के बाद मंगलवार को बेंचमार्क शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी सीमित दायरे में कारोबार करते हुए बढ़त के साथ बंद हुए।

30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 90.83 अंक या 0.11 प्रतिशत बढ़कर 83,697.29 अंक पर बंद हुआ। इसमें से 13 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए जबकि 17 शेयर नुकसान में रहे। कारोबार के दौरान यह 267.83 अंक या 0.32 प्रतिशत बढ़कर 83,874.29 अंक पर पहुंच गया। वहीं एनएसई निफ्टी 24.75 अंक या 0.10 प्रतिशत बढ़कर 25,541.80 पर बंद हुआ।डॉलर के मुकाबले रुपया 25 पैसे बढ़कर 85.51 (अनंतिम) पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की कंपनियों में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, कोटक महिंद्रा बैंक और एचडीएफसी बैंक प्रमुख लाभ में रहे। वहीं, एक्सिस बैंक, ट्रेंट, इटरनल और टेक महिंद्रा पिछड़ गए।

एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का



कोस्पी और शंघाई का एसएसई कंपोजिट सूचकांक सकारात्मक दायरे में बंद हुआ जबकि जापान का निक्केई 225 सूचकांक नीचे बंद हुआ। हांगकांग के बाजार बंद रहे। यूरोपीय बाजारों में ज्यादातर गिरावट देखी गई। सोमवार को अमेरिकी बाजार बढ़त के साथ बंद हुए।

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.22 प्रतिशत गिरकर 66.56 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को 831.50 करोड़ रुपये मूल्य की इक्विटी बेची। सोमवार को सेंसेक्स 452.44 अंक या 0.54 प्रतिशत गिरकर 83,606.46 पर बंद हुआ। निफ्टी 120.75 अंक या 0.47 प्रतिशत गिरकर 25,517.05 पर बंद हुआ।

### सोना 200 रुपये हुआ सस्ता, चांदी भी फिसली



स्टॉकिस्टों की लगातार बिकवाली के बीच सोमवार को राजधानी दिल्ली में सोने का भाव 200 रुपये घटकर 97,470 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। इसी के साथ सोने में लगातार सातवें दिन गिरावट जारी रही। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 150 रुपए घटकर 97,050 रुपए प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया। वहीं चांदी की कीमत भी 200 रुपये घटकर 1,02,800 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने इसकी पुष्टी की है। अबांस फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य कार्यकारी अधिकारी चिंतन मेहता ने कहा कि भू-राजनीतिक और आर्थिक अनिश्चितताओं के कम होने के कारण सोने पर दबाव जारी है। पश्चिम एशिया में तनाव कम होने और अमेरिका के साथ व्यापार समझौतों पर प्रगति के कारण सुरक्षित निवेश की जरूरत कम हो रही है।

### भारत में हुए सुधारों पर स्पेन में बोलीं सीतारमण

# निजी निवेश बढ़ा पर अब भी बहुत कुछ किया जाना बाकी

**नई दिल्ली, 1 जुलाई (एजेंसी)।** स्पेन, पुर्तगाल और ब्राजील की आधिकारिक यात्रा पर गईं वित्त मंत्री मंत्री निर्मला सीतारमण ने स्पेन के सेविले में अंतरराष्ट्रीय व्यापार मंच के शिखर सम्मेलन के दौरान सतत विकास के लिए निजी पूंजी जुटाने की जोरदार वकालत की। उन्होंने एफएफडी4 परिणाम से कार्यान्वयन तक: सतत विकास के लिए निजी पूंजी की क्षमता को अनलॉक करना शीर्षक पर अपनी राय रखी। वैश्विक नेताओं और निवेशकों को संबोधित करते हुए, सीतारमण ने कहा कि हाल के वर्षों में निजी निवेश ने उत्साहजनक वृद्धि दिखाई है, लेकिन अब भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, मंत्री ने कहा, निजी पूंजी निवेश अब भी आवश्यकता से काफी कम है,



कम और मध्यम आय वाले देशों को अनुपातहीन रूप से छोटा हिस्सा मिल रहा है। उन्होंने कहा कि निवेश बाधाओं को दूर करने और विकास प्राथमिकताओं के साथ वित्तीय प्रवाह को बेहतर करने के प्रयासों की तत्काल आवश्यकता है। अपनी यात्रा के दौरान सीतारमण ने उभरते बाजारों में कथित निवेश जोखिमों को संबोधित करने के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत ने इन चुनौतियों को दूर करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। सीतारमण ने कहा, भारत ने स्वतंत्र विनियामकों की स्थापना, पारदर्शी बोली प्रक्रियाओं को लागू करने, अनुबंधों को मानकीकृत करने और व्यापार करने में आसानी में सुधार करके इस चुनौती का समाधान किया है। इन सुधारों ने निवेशकों के विश्वास को काफी बढ़ाया है और लेन-देन की लागत को कम किया है। वित्त मंत्री ने मजबूत घरेलू वित्तीय प्रणालियों की भूमिका पर भी प्रकाश डाला। भारत ने बुनियादी ढांचे और उद्योग में बड़े पैमाने पर वित्तपोषण का समर्थन करने के लिए अपने बैंकिंग क्षेत्र को मजबूत करने और पूंजी बाजारों को गहरा करने पर ध्यान केंद्रित किया है।

# भारत का विनिर्माण क्षेत्र जून में उच्चतम स्तर पर

**नई दिल्ली, 1 जुलाई (एजेंसी)।** भारत के विनिर्माण क्षेत्र ने वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में मजबूत वृद्धि दिखी। एचएसबीसी इंडिया मैन्युफैक्चरिंग परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) के आंकड़ों से इसकी पुष्टि हुई। यह इंडेक्स मई में 57.6 से जून में 58.4 पर पहुंच गया। एचएसबीसी के अनुसार, यह 14 महीनों में उच्चतम स्तर है। पीएमआई का आंकड़ा 54.1 के दीर्घकालिक औसत से काफी ऊपर है। यह व्यापार स्थितियों में मजबूत सुधार के संकेत देता है।

जून में अंतरराष्ट्रीय ऑर्डर में तेज वृद्धि दिखी। 2005 में सर्वेक्षण शुरू होने के बाद से निर्यात मांग में तीसरी सबसे तेज गति से वृद्धि देखी गई। इसमें कंपनियों की ओर से मांग के प्रमुख स्रोत के रूप में ज्यादातर अमेरिका का उल्लेख किया गया। इस मजबूत वैश्विक रुचि ने समग्र बिक्री और उत्पादन को



### निर्यात और नौकरियों में आया उछाल

बढ़ावा देने में मदद की।

अप्रैल 2024 के बाद से उत्पादन की मात्रा सबसे तेज दर से बढ़ी, जो मुख्य रूप से मध्यवर्ती सामान निर्माताओं की ओर से संचालित है। हालांकि, उपभोक्ता और पूंजीगत सामान उत्पादकों ने धीमी वृद्धि देखी। सक्रिय विपणन प्रयासों और बढ़ते निर्यात द्वारा समर्थित नए ऑर्डर भी अधिक तेजी से बढ़े। मांग में मजबूत वृद्धि से रोजगार में रिकॉर्ड वृद्धि हुई। मई में स्थिरता के बाद, जून में काम का बैकलॉग बढ़ गया, जिससे कई कंपनियों को अधिक कर्मचारियों को काम पर रखना पड़ा। इस भर्ती का अधिकांश हिस्सा अल्पकालिक जरूरतों के लिए था, जिसका उद्देश्य बढ़े हुए कार्यभार को संभालना था। एचएसबीसी के आंकड़ों के अनुसार लोहे और स्टील जैसे कच्चे माल की कीमतें उच्च बनी रहीं। कुल इनपुट लागत मुद्रास्फीति फरवरी के बाद से अपने सबसे निचले स्तर पर आ गई और यह ऐतिहासिक औसत से नीचे रही। इसके बावजूद, बिक्री की कीमतें बढ़ती रहीं क्योंकि कंपनियों ने अपने ग्राहकों को उच्च लागत- जिसमें माल ढुलाई, श्रम और सामग्री शामिल हैं की जानकारी दी। कई फर्मों ने कहा कि वे मजबूत मांग के कारण कीमतें बढ़ाने में सक्षम थे। निर्माताओं ने कच्चे माल की अपनी खरीद भी बढ़ा दी, जो 14 महीनों में खरीद गतिविधि में सबसे मजबूत वृद्धि को दर्शाता है।

# इस जुलाई बैंकिंग सिस्टम रहेगा सुस्त! लगातार 3-3 दिन बैंक बंद, 13 दिनों तक बढ़ेगी परेशानी

**नई दिल्ली, 1 जुलाई (एजेंसी)।** अगर आप जुलाई महीने में बैंक से जुड़ा कोई जरूरी काम निपटाने की सोच रहे हैं, तो एक बार इस खबर को ध्यान से पढ़ लें. जुलाई में कुल 13 दिन बैंकों में कामकाज प्रभावित रहेगा, जिसमें कई राज्यों में लगातार 3-3 दिन बैंक बंद रहने वाले हैं. इस बार छुट्टियों की लाइन ऐसी लगी है कि आखिरी वक्त पर योजना बदलनी पड़ सकती है. जुलाई में 4 रविवार और दूसरे-चौथे शनिवार के अलावा 7 दिन अलग-अलग राज्यों में क्षेत्रीय त्योहारों या स्थानीय अवसरों के चलते बैंक बंद रहेंगे.

**ये रहेंगे सबसे ज्यादा प्रभावित :** शिलॉन्गः 12 जुलाई (शनिवार), 13 जुलाई (रविवार) और 14 जुलाई (बेद दिनखलाम) – लगातार 3 दिन बैंक बंद।

गंगटोकः 26 जुलाई (शनिवार),



27 जुलाई (रविवार), 28 जुलाई (द्रुपका त्से-जी) – फिर से 3 दिन की छुट्टी।

इन क्षेत्रों में जिन लोगों को बैंक में चेक, डीडी, लोन या कैश ट्रांजेक्शन से जुड़े काम हैं, उन्हें समय से पहले योजना बना लेनी चाहिए.

**डिजिटल विकल्प हमेशा खुले रहेंगे:** बैंकिंग छुट्टियों के दौरान भी ग्राहक नेट बैंकिंग, मोबाइल ऐप्स, PI और ATM सेवाओं के जरिए अपने अधिकतर काम निपटा सकते हैं. लेकिन ध्यान रखें कि RTGS, IMPS और NEFT जैसी सेवाएं भी छुट्टियों के दौरान सीमित हो सकती हैं.


**न्यायालय नजूल अधिकारी जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छत्तीसगढ़)**

रा.प्र.क 202506160100001

अ-20 (5) 2024-25

**ईश्तहार**

आम जनता को इस ईश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आवेदक मुख्य नगर पालिका अधिकारी नपापरि दंतेवाड़ा को जिले में जिला स्तरीय सैनेटरी लैंडफिल निर्माण हेतु ग्राम दंतेवाड़ा पहन 03 तहसील दंतेवाड़ा स्थित शासकीय नजूल भूमि खसरा नंबर 439 रकबा 2.8160 हे. भूमि आबंटित किये जाने संबंधी प्रकरण इस न्यायालय में जांच हेतु प्राप्त है।

उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो आपत्ति के स्पष्ट कारणों को उल्लेख करते हुये स्वयं या अपने मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 15.07.2025 तक कार्यालयीन समय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

नियत तिथि पश्चात प्रस्तुत आपत्ति/अभ्यावेदन इस न्यायालय द्वारा स्वीकार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 30.06.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

नजूल अधिकारी
दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**

**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, दन्तेवाड़ा**

(फोन/फैक्स नं.-07856-252362, ई-मेल-eedan-phe-cg@nic.in)

निविदा सू.क्र./07/ले.शा./का.अ./लो.स्वा.यां./2025 दन्तेवाड़ा, दिनांक 28/06/2025

**//निविदा आमंत्रण सूचना//**

एकीकृत पंजीयन व्यवस्था प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र 'ए' प्रतिशत दर पर निम्नलिखित कार्य हेतु (Online) निविदा आमंत्रित की गई है।

**कार्य का नामः- नलकूप खनन का कार्य।**

| क्रं. | सिस्टम टेण्डर क्रमांक | कार्य का विवरण | निविदा आमंत्रण | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि (रू. में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 170065 | जिला दन्तेवाड़ा में संचालित आवासीय विद्यालय पोटा केबिन एवं कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों के 14 नग नलकूप खनन एवं 10 नग पावरपम्प एवं 04 नग हैण्डम्प स्थापना सहित का कार्य | द्वितीय काल | 28.37 | 21300 |
| | | कुल योग | | 28.37 | |

निविदा की सामान्य शर्तें एवं अन्य जानकारी वेबसाईट पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in पर दर्शित है।

**टीपः- निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 09.07.2025 है।**

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
दन्तेवाडा

जी-252601864/4

## एक नजर

### सहायक संचालक एन.यू.खान सेवानिवृत्त



**रायपुर।** स्टेट ऑडिट क्षेत्रीय कार्यालय घड़ी चौक रायपुर से सहायक संचालक द्वय श्री एन.यू.खान एवं श्री अथनास तिर्की 30 जून 2025 को सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर विभाग के संयुक्त संचालक श्री शैलेन्द्र बंसपाल ने श्रीफल शाल और स्मृति चिन्ह देकर एक भव्य समारोह में, इन्हें सम्मानित किया। कार्यालयीन अधिकारियों कर्मियों के मध्य विदाई सम्मान समारोह सम्पन्न हुआ।

### रूगंटा इंटरनेशनल स्कील्स विवि भिलाई के सुरीसेट्टी प्रथम कुलपति नियुक्त

**रायपुर।** राज्यपाल एवं कुलाध्यक्ष श्री रमेन डेका द्वारा डॉ जवाहर सुरीसेट्टी कार्यकारी निदेशक रूंगटा ग्रुप को रूगंटा इंटरनेशनल स्कील्स विश्वविद्यालय भिलाई जिला दुर्ग का प्रथम कुलपति नियुक्त किया गया है। राज्यपाल द्वारा उनकी नियुक्ति रूगंटा इंटरनेशनल स्कील्स विश्वविद्यालय अधिनियम, 2005 (संशोधन अधिनियम, 2025) की धारा 17(3) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए की गई है। डॉ सुरीसेट्टी का कार्यकाल, परिलब्धियां तथा सेवा शर्तें विश्वविद्यालय अधिनियम एवं परिनियम में निहित प्रावधान अनुसार होंगी। इस संबंध में आज राजभवन सचिवालय से आदेश जारी किया गया है।

### अब 7 जुलाई तक मिलेगा तीन माह का राशन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में राशन कार्डधारियों के लिए एक राहत की खबर है। सरकार ने 3 महीने का एक साथ राशन देने की अंतिम तारीख 7 जुलाई तक बड़ा दी है। दरअसल, प्रदेश में तीन माह का राशन एक साथ वितरण किया जा रहा हैलेकिन जून माह निकल जाने के बाद भी अब तक पूरा राशन वितरण नहीं हो सका है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ के राशनकार्ड धारकों के लिए चावल उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस उत्सव के तहत राशन कार्ड धारकों को इस बार एक साथ 3 महीने- जून, जुलाई और अगस्त का राशन एक साथ दिया जा रहा है।

### टीबी के मरीजों को अब मिलेगा और प्रभावी इलाज

**रायपुर।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत जिला कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह की अध्यक्षता में, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथलेश चौधरी के मार्गदर्शन एवं जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी डॉ. अविनाश चतुर्वेदी की उपस्थिति में नोडल डीआरटीबी सेंटर, मेकाहारा, रायपुर में दवा प्रतिरोधक टीबी के मरीजों के लिए नवीन बीपालएम रेजिम का शुरुआत शुरुआत किया गया। अब तक टीबी के दवा प्रतिरोधी मरीजों को 9 से 18 माह तक पांच से सात दवाएं प्रतिदिन लेनी पड़ती थीं। लेकिन बीपालएम रेजिम के तहत इलाज की अवधि केवल 6 माह रह गई है, और अब केवल 4 आधुनिक दवाओं से इलाज संभव होगा।

### स्कूल सफाई कर्मचारी संघ 6 को देगा धरना

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्कूल सफाई संघ ने पूर्वकालीन कलेक्टर दर वेतन भुगतान युक्तियुक्तकरण समायोजन एवं नियमितीकरण की मांग को लेकर छह जुलाई को धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। संघ के प्रवक्ता प्रदीप वर्मा ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि इसमें संघ के हजारों सदस्य हिस्सा लेंगे।

# छत्तीसगढ़ बनेगा लॉजिस्टिक हब

- निवेशकों को सरकार देगी 140 करोड़ रुपए
- व्यापार और आर्थिक विकास को मिलेगी गति



**रायपुर.** साय कैबिनेट की बैठक में छत्तीसगढ़ लॉजिस्टिक्स नीति 2025 को मंजूरी मिली है. इस नई नीति के तहत राज्य सरकार लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में निजी निवेश को बढ़ावा देने के लिए 140 करोड़ रुपये तक की अनुदान राशि और अन्य कई रियायतें देगी.

लॉजिस्टिक हब, ड्राइ पोर्ट, इनलैंड कंटेनर डिपो, एयर कार्गो टर्मिनल और गति-शक्ति कार्गो टर्मिनल जैसे अधोसंरचना लागत का 40 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाएगा, जिसकी अधिकतम सीमा 140 करोड़ रुपये होगी. इसके अतिरिक्त बाह्य अधोसंरचना हेतु 50 प्रतिशत अनुदान सहित अन्य रियायतें निवेशकों को दी जाएगी. ट्रांसपोर्ट हब या फ्रेट स्टेशन के लिए यह अनुदान 35 प्रतिशत होगा, जिसकी अधिकतम सीमा 5 करोड़ रुपये प्रावधानित है. राज्य सरकार का लक्ष्य छत्तीसगढ़ को देश के प्रमुख लॉजिस्टिक्स हब के रूप में विकसित करना है, जिससे उद्योगों, व्यापारियों और किसानों को सस्ती और आधुनिक भंडारण सुविधाएं मिल सकें.

मध्य भारत में स्थित छत्तीसगढ़ की भौगोलिक स्थिति लॉजिस्टिक्स गतिविधियों के लिए उपयुक्त है. इसी का लाभ उठाते हुए राज्य सरकार अब लॉजिस्टिक्स और ई-कॉमर्स कंपनियों को निवेश के लिए आकर्षित करेगी. इससे राज्य की भंडारण क्षमता बढ़ेगी और लॉजिस्टिक्स की लागत घटेगी, जिससे व्यापार और आर्थिक विकास को गति मिलेगी.

इस नीति के तहत ड्राइ पोर्ट, कंटेनर डिपो और एयर कार्गो टर्मिनल की स्थापना से स्थानीय उद्योगों और उत्पादकों को निर्यात बाजार तक पहुंचने का मौका मिलेगा. साथ ही वन संसाधन, वनोपज और औषधीय पौधों के लिए निर्यात के नए रास्ते खुलेंगे. युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे.

वेयरहाउस और कोल्ड स्टोरेज स्थापित करने पर 35 से 45 प्रतिशत तक पूंजी निवेश अनुदान, 50 से 60 प्रतिशत तक ब्याज अनुदान सहित विद्युत शुल्क और स्टांप शुल्क में छूट का प्रावधान किया गया है. इसी तरह लॉजिस्टिक पार्क के लिए प्रति एकड़ 25 लाख तक अनुदान, बाहरी अधोसंरचना के लिए 50 प्रतिशत सहायता, बस्तर और सरगुजा जैसे क्षेत्रों में 10 प्रतिशत अतिरिक्त प्रोत्साहन दिया जाएगा. ग्रीन लॉजिस्टिक्स अपनाने पर 5 प्रतिशत अतिरिक्त अनुदान का प्रावधान किया गया है. 500 करोड़ से अधिक निवेश या 1000 से अधिक लोगों को रोजगार देने पर विशेष प्रोत्साहन दिया जाएगा.

इस नीति का उद्देश्य राज्य में लॉजिस्टिक लागत को कम करना, आधुनिक मल्टीमोडल अधोसंरचना विकसित करना, निर्यात अधोसंरचना को मजबूत करना और लॉजिस्टिक सेक्टर में निजी निवेश को बढ़ाना है. यहां उल्लेखनीय है कि पहले औद्योगिक नीति के तहत लॉजिस्टिक्स क्षेत्र को प्रोत्साहन मिलता था, लेकिन अब भारत सरकार के लीड्स सर्वे के अनुरूप छत्तीसगढ़ ने स्वतंत्र लॉजिस्टिक नीति बनाकर देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में कदम रख दिया है. छत्तीसगढ़ सरकार की इस नई पहल से जहां निवेश को नई दिशा मिलेगी, वहीं रोजगार, व्यापार और निर्यात के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ देश का प्रमुख राज्य होगा.

## तेज बारिश से पुल टूटा पिकअप आई चपेट में

- यात्रियों ने कूदकर बचाई जान


**बलरामपुर।** बीती रात शंकरगढ़ क्षेत्र के पटना गांव के पास तेज़ बारिश के चलते एक पुल टूट गया, जिससे एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। पुल के टूटते ही उस पर से गुजर रहा एक पिकअप वाहन भी चपेट में आ गया। गनीमत रही कि वाहन में सवार सभी लोग सतर्कता दिखाते हुए समय रहते कूद गए और उनकी जान बच गई। हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है।



जानकारी के अनुसार, पिकअप में सवार लोग बाजार से वापस अपने गांव लौट रहे थे। जैसे ही वाहन पुल के बीच पहुंचा, पुल का एक हिस्सा धंस गया और पूरा वाहन नदी में समा गया। हादसे के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना के बाद बचवार-पटना मार्ग पर आवागमन पूरी तरह ठप हो गया है, जिससे ग्रामीणों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र में बारिश अभी भी जारी है, जिससे हालात और बिगड़ने की आशंका बनी हुई है।

## जेल विभाग में 47 अधिकारियों-कर्मचारियों के तबादले

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ जेल प्रशासन ने राज्य की जेलों में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों के तबादले का आदेश जारी किया है। इस तबादला सूची में कुल 47 अधिकारी और कर्मचारी शामिल हैं, जिनमें उप जेल अधीक्षक (डिप्टी जेलर), मुख्य प्रहरी, प्रहरी तथा वाहन चालक शामिल हैं। जारी आदेश के अनुसार, उप जेल अधीक्षक अलोइस कुजूर को जगदलपुर से स्थानांतरित कर जिला जेल दंतेवाड़ा भेजा गया है। वहीं, वर्तमान में दंतेवाड़ा में पदस्थ उप जेल अधीक्षक जीएस शोरी को रायगढ़ स्थानांतरित किया गया है, जहां उनकी पोस्टिंग स्व-वित्तीय व्यय पर की गई है। इसके अतिरिक्त कई अन्य जेलकर्मियों का भी एक जेल से दूसरी जेल में प्रशासनिक आवश्यकताओं के तहत स्थानांतरण किया गया है। जेल प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह फेरबदल आंतरिक प्रबंधन, संचालन में सुधार और प्रशासनिक संतुलन बनाए रखने की दृष्टि से किया गया है।




## अविनाश बिल्डर्स की अवैध सीसी रोड पर लगी रोक

- अवैध प्लॉटिंग के उद्देश्य से किया जा रहा था निर्माण

**रायपुर।** नगर निगम प्रशासन द्वारा इन दिनों शहर के बाहरी क्षेत्रों में बिल्डरों द्वारा किए जा रहे अवैध निर्माण को हटाया जा रहा है। जोन क्रमांक 8 के अंतर्गत आने वाले अविनाश बिल्डर्स द्वारा बिना अनुमति के अवैध प्लॉटिंग एवं मुरूम रोड को हटाया गया है। राजधानी में इन दिनों बाहरी क्षेत्रों में अवैध कब्जा जमकर किया जा रहा है। नगर निगम प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार सोंनडोंगरी तथा अन्य क्षेत्रों में इस समय अवैध प्लांटिंग का काम धड़ल्ले से चल रहा है। नगर निवेश विभाग द्वारा इसे तोड़ा जा रहा है। निगम से जारी विज्ञप्ति के अनुसार रायपुर जिला कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के आदेश और नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर नगर निगम जोन 8 जोन कमिश्नर श्रीमती राजेश्वरी पटेल , कार्यपालन अभियंता अभिषेक गुप्ता, सहित अन्य सम्बंधित जोन 8 नगर निवेश विभाग अधिकारियों की



उपस्थिति में नगर निगम जोन 8 क्षेत्र अंतर्गत वीर सावरकर नगर वार्ड क्रमांक 1 क्षेत्र अंतर्गत केडिया बिजनेस पार्क के पास अविनाश डेवलपर्स द्वारा बिना विकास अनुज्ञा लिए तथा बिना नगर निगम अनुमति के लगभग 12 एकड़ भूमि पर अवैध प्लॉटिंग किए जाने के उद्देश्य से अवैध सी सी रोड एवं मुरूम रोड का निर्माण किया जा रहा था जिसे जोन क्रमांक 8 नगर निवेश विभाग की टीम ने जेसीबी की सहायता से स्थल पर किए जा रहे अवैध सी सी रोड एवं मुरूम रोड को काटने की कार्यवाही करते हुए अवैध अवैध निर्माण पर तत्काल कारगर रोक लगायी गयी।

# रोपाई के लिए पानी नहीं

## बादलों को टकटकी लगाए देख रहे किसान

- मध्य छत्तीसगढ़ में वर्षा का पूर्वानुमान

**रायपुर।** राजधानी सहित अन्य संभागों में इस समय रूक रूक कर हल्की वर्षा हो रही है मौसम विभाग के अनुसार खाड़ी में एक निम्नदाब का क्षेत्र बना हुआ है जिसके चलते मानसून के उत्तर ओड़िसा में बढ़ने की संभावना है। इन दिनों पर्याप्त वर्षा नहीं हो ने से कृषक परेशान है।

पूर्व विधायक धनेन्द्र साहू ने बताया कि अभनपुर ब्लाक में बोआई हो चुकी है, लेकिन पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं गिरने से अंकुरन नहीं हो पा रहा है। इधर बोआई का कार्य भी प्रभावित हो रहा है। नगरी सिहावा के विधायक ने बताया कि मगरलोड और सिहावा ब्लाक में अच्छी वर्षा हो रही है। मौसम वैज्ञानिक डॉ. चन्द्रा ने बताया कि एक निम्न का क्षेत्र उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे लगे पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश तट के पास स्थित है।

इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। इसके धीरे-धीरे पश्चिम उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए उत्तर उड़ीसा गंगेटिक पश्चिम बंगाल और झारखंड की ओर अगले दो दिनों तक आगे बढ़ने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक डॉ. चन्द्रस से मिली जानकारी के अनुसार मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर फिरोजपुर, सोनीपत, अयोध्या, गया, पुरुलिया, उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी में स्थित निम्न दाब के केंद्र और उसके बाद दक्षिण पूर्व की ओर उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी तक स्थित है। एक पूर्व पश्चिम द्रोणिका दक्षिण राजस्थान में स्थित चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण से उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी में स्थित निम्न दाब के केंद्र तक 3.1 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है ।



मौसम वैज्ञानिक डॉ. चन्द्रा ने बताया कि एक चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण उत्तर प्रदेश के ऊपर 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में कल दिनांक 30 जून को अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ भारी से अति भारी वर्षा होने की भी संभावना है। भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः मध्य छत्तीसगढ़ रहने की संभावना है।

# विधानसभा में गूंजेगा नकटी में विधायक कॉलोनी का मामला

### युक्तियुक्तकरण, गिरती कानून व्यवस्था, खाद-बीज का मामला भी उठाएंगे सदस्य

**रायपुर।** खाद बीज, शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण गिरती कानून व्यवस्था, शराब खनिज माफिया को लेकर कांग्रेस के विधायकों ने अनेक प्रश्न विधानसभा में उठाए हैं। वहीं सत्तरूढ़ दल के विधायक द्वारा अनुज शर्मा, अजय चन्द्राकर, धरमलाल कौशिक द्वारा भी अनेक प्रश्न लगाया गया है। धरसींवा के विधायक अनुज शर्मा ने बताया कि उनके विधानसभा क्षेत्र में एक विधायक कालोनी बनने का प्रस्ताव है, जिसको लेकर ग्रामीणजन कई दिनों आंदोलनरत हैं। ग्रामीण यहां पर विरोध में धरना प्रदर्शन दे रहे हैं। इसलिए पूरा माहौल बिगड़ गया है। विधानसभा में धरसींवा में सड़क नाली तथा अन्य मामलों को भी उठाया जाएगा। सत्तारूढ़ दल के विधायक अजय चन्द्राकर, धरमलाल कौशिक भी स्वास्थ्य विभाग घोटाला तथा ईडी के छापों का मामला उठाएंगे।




**खाद-बीज का मामला उठाएंगे अंबिका मरकाम**

नगरी सिहावा के विधायक अंबिका मरकाम ने बताया कि राज्य में खाद बीज की कमी है। यह मामला विधानसभा में उठाया जाएगा। इसके अलावा सिहावा में नदी, नाले उफान पर है, जिसके कारण यातायात प्रभावित होता है। ज्ञात रहे मगरलोड ब्लाक में इन दिनों अच्छी वर्षा हो रही है। चांपा-जांजगीर के विधायक व्यास कश्यप ने बताया कि चांपा-जांजगीर अस्पताल में अव्यवस्था का मामला उठाएंगे। अस्पताल में लगी आग का मामला भी काफी संवेदनशील है, इस मामले को भी उठाएंगे।

नेताप्रतिपक्ष कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश में गिरती कानून व्यवस्था, खजिन, शराब माफिया का मामला स्थगन प्रस्ताव से उठाया जाएगा। राज्य में इन दिनों बरसात से पहले नदियों से रेत खनन के कारण माफिया अधिकारियों पर हमला कर रहे हैं। इससे कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ गई है।

राजधानी में भी आए दिन हत्या का ग्राफ बढ़ता जा रह है। ज्ञात रहे सदन 14 जुलाई से प्रारंभ हो रहा है। यहां पर विधानसभा सचिवालय द्वारा अलग-अलग तिथि पर प्रश्न पूछने के लिए टाइम टेबल जारी कर दिया गया है। विधानसभा में इस समय सत्र को लेकर काफी तैयारी जारी है। पंचायत विभाग के भी अनेक प्रश्न लगाए गए हैं। लोक निर्माण विभाग में चालू प्रभार को लेकर चर्चा होगी।

## रेरा ने बिना पंजीकरण वाले हाउसिंग प्रोजेक्ट्स पर कसा शिकंजा


### 136 मामलों में की कार्रवाई




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण (रेरा) ने राज्य में रियल एस्टेट क्षेत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में एक कड़ा कदम उठाया है। प्राधिकरण ने ऐसे 106 प्रोजेक्ट्स की पहचान की है, जो टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग से स्वीकृत होने के बावजूद अब तक रेरा अधिनियम के तहत पंजीकृत नहीं हुए हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि इन प्रोजेक्ट्स का निर्माण अथवा विक्रय कार्य बिना वैधानिक रेरा पंजीकरण के किया जा रहा था, जो न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि उपभोक्ताओं के हितों के लिए भी अत्यंत नुकसानदेह है। प्राधिकरण ने इन सभी प्रोजेक्ट्स के प्रमोटरों को नोटिस जारी करते हुए उनसे स्पष्टीकरण मांगा है। साथ ही यह स्पष्ट किया गया है कि रेरा अधिनियम, 2016 का पालन सुनिश्चित करना प्रत्येक प्रमोटर की जिम्मेदारी है। प्राधिकरण ने जानकारी दी है कि पिछले सात वर्षों में 136 प्रोजेक्ट्स के विरुद्ध स्वतः संज्ञान लेते हुए कार्यवाही की गई है, जिनमें प्रमोटरों द्वारा बिना पंजीकरण कार्य संचालित किया गया था।

रेरा अधिनियम के अनुसार, बिना पंजीकरण प्रोजेक्ट संचालित करने पर पंजीकरण शुल्क का 400 प्रतिशत तक अतिरिक्त शुल्क और परियोजना लागत का 10 प्रतिशत तक जुर्माना लगाया जा सकता है। रेरा अधिनियम की यही विशेषता है कि वह न केवल उपभोक्ताओं को सुरक्षित निवेश का वातावरण देता है, बल्कि रियल एस्टेट क्षेत्र में पारदर्शिता और समयबद्धता भी सुनिश्चित करता है।

सीजी रेरा ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की संपत्ति जैसे फ्लैट, प्लॉट, विला या व्यावसायिक इकाई खरीदने से पहले यह अवश्य जांच लें कि संबंधित परियोजना रेरा में पंजीकृत है या नहीं। इसके लिए पोर्टल पर जाकर परियोजना की पंजीकरण स्थिति की जांच की जा सकती है। वहीं प्रमोटरों को भी सलाह दी गई है कि वे अपनी परियोजनाओं को विधिवत रजिस्ट्रेशन कराएं, ताकि किसी प्रकार की शास्ति या कानूनी कार्यवाही से बचा जा सके।




स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26